आई.एस.ओ.9001:2000 अवार्ड प्राप्त

# यश भारत

नये जमाने के साथ

जबलपुर का नम्बर 1 अखबार
16 वें वर्ष में प्रवेश

हर पल रहें ताजा तरीन खबरों के साथ लॉगिंन करें

WWW.yashbharat.co.in

● वर्ष- 16 अंक 17-● जबलपुर ● गुरुवार, 17 फरवरी, 2022 ● मूल्य- 2 रुपए ● पृष्ठ-8 ● फाल्गुन कृष्ण पक्ष-1 ● विक्रम संवत् 2078 शके 1935



## कुएं में छिपा था काल

### कुशीनगर में शादी की एक रस्म के दौरान स्लैब ढहा

# 11 बच्चों समेत 13 की मौत

**कुशीनगर।** कुशीनगर का नौरंगिया गांव। पल भर पहले जहां खुशी का माहौल था, वहां अब मातम पसरा है। चीखें हैं। बदहवास महिलाएं हैं। गांव के कुएं पर शादी की एक रस्म मौत लेकर आ गई। हंसते-खेलते 30 लोग कुएं में समा गए। कैसे क्या हुआ किसी को समझ नहीं आया। डेढ़ घंटे बाद जब उन्हें निकाला गया, तब तक 11 बच्चों समेत 13 लोग दम तोड़ चुके थे। हादसा उस वक्त हुआ, जब हल्दी से जुड़ी एक एक रस्म मटकोड़वा के लिए औरतें व लड़कियां कुएं पर पहुंची थीं।

पुलिस के अनुसार नौरंगिया ग्राम सभा के स्कूल टोले पर बुधवार की रात करीब 9 बजे एक मांगलिक कार्यक्रम में कुआं पूजन की रस्म के लिए महिलाएं व बच्चियां इकठ्ठा थीं। कुआं पानी से भरा हुआ था। भीड़ अधिक थी। बच्चियां व महिलाएं कुएं की मुंडेर और कुएं पर बने चबूतरे पर पर बैठीं थीं। कहा जा रहा है कि कुएं का चबूतरा कमजोर होने की वजह टूट गया जिसकी वजह से यह हादसा हुआ। गांव के कुछ लोगों का कहना है कि कुएं के स्लैब पर चढ़ने के लिए मना भी किया जा रहा था, लेकिन कोई माना नहीं। इससे करीब 30 बच्चियां व महिलाएं कुएं में गिर गईं। अधिकारियों के अनुसार ये महिलाएं शादी के एक दिन पहले कुएं के पास मिट्टी कोड़ने की रस्म अदा करने पहुंची थीं। हाहाकार मच गया। समय बीत रहा था। कुएं में गिरी महिलाओं और बच्चियों को कैसे निकाला जाए, किसी को समझ नहीं आ रही था। जब तक बचाव टीमें मौके पर पहुंचीं, काफी देर हो चुकी थी। दो घंटे की मशक्कत के बाद 11 बच्चियों व दो महिलाओं को कुएं से निकालकर अस्पताल भेजा गया।





### क्या कहना है परिवार की महिला सदस्यों का

परिवार की महिला सदस्यों का कहना है कि उन्हें इस बात का अंदाजा नहीं था कि स्लैब टूट जाएगा। हालांकि जब लोग उस पर चढ़ रहे थे तो मना भी किया जा रहा था कि स्लैब टूट जाएगा। लेकिन डांस देखने के आगे कोई कुछ भी सुनने को तैयार नहीं था।

### चीख पुकार और गांव के पुरुष भाग गए

घटना इतनी भयावह थी कि पूरे गांव में कोहराम मच गया। शादी वाले घर में तो चीख-पुकार ही मच गई। गांव से जिला अस्पताल तक हाहाकार मचा रहा। कमिश्नर, डीआईजी, डीएम, एसपी ने मौके पर पहुंचकर राहत-बचाव कार्य की जानकारी ली। साथ ही पीड़ति परिवार को हर संभव मदद दिलाने का भरोसा दिलाया है। हादसे के बाद परिवार के पुरुष सदस्य डर के मारे गांव छोड़कर फरार हो गए, वहीं महिलाएं सदमें में आ गईं। कई महिलाएं हादसे को सुन ही सदमे में आ गईं। रिपोर्ट्स के मुताबिक पुलिस जब गांव पहुंची तो गांव के पुरुष फरार थे। उन्हें डर था कि कहीं गांव के लोग आक्रोश में आकर उनके साथ मारपीट न कर दें।

### नई तकनीक का कमाल

## पहली बार किसी संक्रमित महिला ने एचआईवी को हराया

**वाशिंगटन।** अमेरिका में डॉक्टरों ने पहली बार एचआईवी संक्रमित महिला का उपचार कर उसे वायरस से मुक्त करने में सफलता पाई है। डॉक्टरों के मुताबिक, उपचार की पूरी प्रक्रिया को 'स्टेमसेल ट्रांसप्लांट' के जरिये पूरा किया गया है। स्टेमसेल एक ऐसे व्यक्ति ने दान किए थे जिसके अंदर एचआईवी वायरस के खिलाफ कुदरती प्रतिरोधक क्षमता थी। कैलिफोर्निया यूनिवर्सिटी की डॉ. इवोन ब्राइसन और बाल्टीमोर की जॉन हॉपकिंस यूनिवर्सिटी की डॉ. डेब्रा परसॉड के नेतृत्व में जारी एक विशेष अध्ययन को ध्यान में रखते हुए इलाज की कई प्रक्रियाओं को पूरा किया गया। इलाज के दौरान डॉक्टरों ने पहली बार गर्भनाल के खून का इस्तेमाल महिला के ल्युकेमिया का इलाज करने के लिए किया। फिलहाल महिला 14 महीने से स्वस्थ है, और उसे किसी भी दवा की जरूरत नहीं पड़ी है।



#### पहली बार महिला का इलाज

इससे पहले दो ऐसे मामले हुए हैं जब एचआईवी मरीज ठीक हो गए। उनमें से एक मामला श्वेत पुरुष का था जबकि, दूसरा एक दक्षिण अमेरिकी मूल के पुरुष का। इन दोनों का भी स्टेमसेल ट्रांसप्लांट हुआ था लेकिन वे स्टेमसेल वयस्क लोगों से लिए गए थे। अंतरराष्ट्रीय एड्स सोसाइटी की अध्यक्ष शैरन लेविन ने कहा, अब इलाज की तीसरी रिपोर्ट आ रही है और पहली बार किसी महिला का उपचार कर उसे ठीक किया गया है।

#### ऐसे होता है उपचार

डॉक्टरों ने पहले एचआईवी पीड़ति मरीजों पर परीक्षण कर उनकी कीमोथेरेपी की। ताकि कैंसर कोशिकाओं को खत्म किया जा सके। उसके बाद विशेष जेनेटिक म्यूटेशन वाले व्यक्ति से स्टेमसेल लेकर उसे मरीज के शरीर में ट्रांसप्लांट करते हैं। इस पर अध्ययन कर रहे शोधकर्ताओं का मानना है कि ट्रांसप्लांट के बाद मरीजों में एचआईवी के प्रतिरोधक क्षमता विकसित हो जाती है।

#### जीन थेरेपी भी कारगर

एड्स सोसाइटी की अध्यक्ष के लेविन के मुताबिक, एचआईवी का इलाज संभव है और जीन थेरेपी भविष्य में इसके इलाज की कारगर रणनीति हो सकती है। अध्ययन के मुताबिक, इस इलाज की सफलता का अहम सूत्र एचआईवी-प्रतिरोधक कोशिकाओं का मरीज के शरीर में सफल ट्रांसप्लांट है।

## सुंदर पत्नी युवक के लिए मुसीबत बनी

### मेरे साथ नहीं रहना चाहती, छतरपुर में अप्लीकेशन लेकर थाने पहुंचा

छतरपुर। आमतौर पर लड़के पढ़ी-लिखी और सुंदर पत्नी चाहते हैं। लेकिन मध्य प्रदेश के छतरपुर में सुंदर पत्नी युवक के लिए मुसीबत बन गई है। युवक का दावा है कि उसकी पत्नी ज्यादा सुंदर है और वह उसके साथ नहीं रहना चाहती है। इस बात को लेकर युवक ने पुलिस में अप्लीकेशन दी है। बांदा जिले के मटोंध गांव के रहने वाले नंदूपाल पिता राममिलन पाल की शादी छतरपुर जिले के लवकुशनगर थाना क्षेत्र के एक गांव नगरौली में रहने वाली रीनापाल पिता भैयापाल के साथ हुई थी। शादी 30 अप्रैल 2021 को हुई थी। युवक का कहना है कि शादी में पत्नी को यथासंभव जेवरात भी चढ़ाए थे। उसका कहना है कि पत्नी केवल तीन दिन उसके साथ रहने के बाद चली गई और अब उसके साथ नहीं रहना चाहती। युवक का कहना है कि वह अपनी पत्नी को लेने के लिए ससुराल भी गया था। लेकिन वहां पर ससुराल के लोगों ने उसे कमरे में बंद करके मारा। इस दौरान न तो उसकी पत्नी उसे देखने ही आई और न ही उसके साथ जाने को तैयार हुई। घटना के बाद फरियादी नंदूपाल लवकुशनगर थाने गया।



## अब मध्य प्रदेश में भी स्काई डाइविंग

### 10 हजार फुट की ऊंचाई से गोता लगाने का रोमांच उठा सकेंगे पर्यटक

**भोपाल।** मध्य प्रदेश में पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए पर्यटन विभाग नई शुरुआत करने जा रहा है। पहली बार प्राइवेट पार्टनर्स के सहयोग से 'स्काई डाइविंग' शुरू करने का फैसला लिया गया है। यह जानकारी एक वरिष्ठ अधिकारी ने बुधवार को दी। मध्य प्रदेश पर्यटन बोर्ड के प्रबंध निदेशक और पर्यटन एवं संस्कृति विभाग के प्रमुख सचिव शिव शेखर शुक्ला ने यह जानकारी दी। उन्होंने कहाकि आसमान में पक्षियों की तरह उड़ने का रोमांच अनुभव करने के लिए अब भोपाल और उज्जैन में 'स्काई डाइविंग' की सुविधा उपलब्ध होगी। शुक्ल ने कहा कि प्रदेश में पहली बार एक व दो मार्च को भोपाल में तथा तीन से छह मार्च तक उज्जैन में पायनियर फ्लाइंग अकादमी, अलीगढ़ के सहयोग से च्स्काई डाइविंगज् शिविर का आयोजन किया जाएगा। भोपाल में शिविर राजा भोज हवाई अड्डे और उज्जैन में हवाई पट्टी के पास आयोजित किए जाएंगे और इसमें पर्यटक 10 हजार फुट की ऊंचाई से गोता लगा सकेंगे। शुक्ला ने कहा कि अब तक रोमांच प्रेमियों को च्स्काई डाइविंगज् का अनुभव करने के लिए देश के बाहर दुबई जाना पड़ता था।



## यूक्रेन में रहने वाले भारतीयों की मदद : विदेश मंत्रालय ने बनाया कंट्रोल रूम

**नई दिल्ली ।** यूक्रेन और रूस का विवाद थमने का नाम नहीं ले रहा है. रूसी सैनिकों को यूक्रेन की सीमा से वापस बेस पर बुलाए जाने के बावजूद लगातार तनाव बना हुआ है. जिस पर अमेरिका और चीन जैसे बड़े देशों की नजर भी है. इस बीच यूक्रेन में रहने वाले हजारों भारतीयों को लेकर भी चिंताएं बढ़ती जा रही हैं. यहां रहने वाले छात्र और बाकी लोग भारत आने की कोशिश कर रहे हैं. इसी बीच अब भारतीय विदेश मंत्रालय की तरफ से एक कंट्रोल रूम तैयार किया गया है. यूक्रेन में रहने वाले भारतीयों के परिवार के लिए विदेश मंत्रालय ने इस कंट्रोल रूम को तैयार किया है. लोगों के लिए इस कंट्रोल रूम का हेल्पलाइन नंबर भी जारी किया गया है. अगर किसी को भी यूक्रेन में अपने परिजनों को लेकर कुछ जानकारी चाहिए तो वो हेल्पलाइन नंबर 01123012113, 01123014104 और 01123017905 पर कॉल कर सकते हैं।



यूक्रेन में भारतीय लोगों के लिए हेल्पलाइन नंबर इसके अलावा यूक्रेन में रहने वाले लोगों के लिए भारतीय दूतावास (एंबेसी) का हेल्पलाइन नंबर जारी किया गया है. जिससे ये लोग फ्लाइट्स और बाकी चीजों को लेकर जानकारी जुटा सकते हैं. इसके लिए यूक्रेन में इंडियन एंबेसी के नंबर +380997300428 और 380997300483 पर कॉल कर सकते हैं. ये हेल्पलाइन 24 घंटे जारी रहेंगीं।



### सीएम चरणजीत सिंह चन्नी के बयान से घमासान

## दिल्ली-बिहार तक बवाल

**चंडीगढ़।** पंजाब मुख्यमंत्री चरणजीत सिंह चन्नी के उत्तर प्रदेश, बिहार और दिल्ली को लेकर दिए बयान के बाद विवाद खड़ा हो गया है। कांग्रेस महासचिव और यूपी की प्रभारी प्रियंका गांधी के सामने सीएम चन्नी ने कहा कि प्रियंका पंजाब की बहू है। सारे पंजाबी एक हो जाओ। हम यूपी, बिहार और दिल्ली के भैया जो पंजाब में राज करना चाहत हैं, उन्हें घुसने नहीं देंगे। इस बयान का वीडियो वायरल हो रहा है। चरणजीत के बयान पर बीजेपी, आप, बसपा और जदयू ने कांग्रेस पर निशाना साधा है।आम आदमी पार्टी ने चरणजीत सिंह चन्नी के बयान की आलोचना की है। दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने पंजाब सीएम की टिप्पणी को शर्मनाक बताया। उन्होंने कहा कि हम किसी भी व्यक्ति या किसी विशेष समुदाय के खिलाफ की गई गलत टिप्पणियों की निंदा करते हैं। सीएम केजरीवाल ने कहा कि चन्नी ने पहले उनकी त्वचा के रंग को लेकर ताना मारते हुए काला कहा था।

### अब रीवा में मिले गायों के कंकाल

## 50 से ज्यादा मरी गायें तालाब में फेंकी

**रीवा।** भोपाल के बाद अब रीवा जिले की गौशाला में गायों की मौत का मामला सामने आया है। जिले की चोरगडी गौशाला में दर्जनों गायों की हड्डियां और कंकाल मिले हैं। गौशाला रायपुर कचुर्लियान ब्लॉक में है, इसका संचालन पंचायत करती है। गौशाला के जिम्मेदार ठंड में दम तो?ती गायों को पीछे बने तालाब में फेंकते रहे। बाद में जब बदबू फैली तो गायों के शव गड्ढे खोदकर दफना दिए। वहीं, कुछ की हड्डियां बेच दी गईं। ऐसी 50 से ज्यादा गायों के कंकाल यहां मिले हैं। दो हफ्ते पहले भोपाल में क्ष्छ्रक्क नेत्री की गौशाला में 80 से ज्यादा गायों के कंकाल मिले थे। सामाजिक कार्यकर्ता शिवानंद द्विवेदी का कहना है कि कुछ दिन पहले गांव वालों की सूचना पर वह खुद चोरगडी गौशाला गए थे। वहां ठंड की वजह से अब तक 75 से ज्यादा गायें मर चुकी हैं। गौशाला के जिम्मेदार गायों के शव तालाब में फेंकते रहे। गांव में जब बदबू फैली, तो लोगों के साथ वह खुद भी मौके पर पहुंचे। तालाब में 25 से 30 गायों के शव पड़े थे। साथ ही आसपास 20 से ज्यादा गायों की हड्डियां भी पड़ी हुई थीं। आनन-फानन में जिम्मेदारों ने शव गड्ढे में दफना दिए। इस बीच कई गोवंशों की हड्डियों को बेचा जा चुका था।



## म प्र में कोरोना के 1388 नए मामले, तीन मरीजों ने गंवाई जान

**भोपाल।** मध्य प्रदेश में बुधवार को कोरोना वायरस संक्रमण के 1,388 नए मामले सामने आने से संक्रमितों की संख्या बढ़कर 10,30,261 हो गई। स्वास्थ्य विभाग के एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। अधिकारी ने कहाकि पिछले 24 घंटों में प्रदेश में तीन लोगों की मौत संक्रमण से हुई है। इसे मिलाकर राज्य में अब तक कुल 10,703 लोगों ने इस बीमारी से जान गंवाई है। उन्होंने कहा कि बुधवार को कोरोना वायरस संक्रमण के इंदौर में 144 और भोपाल में 283 नए मामले दर्ज किए गए हैं। ये दोनों जिले इस बीमारी से प्रदेश में सबसे अधिक प्रभावित हैं।

### कश्मीर में खौफ का सिंकहोल

### हजारों ट्राउट मछलियों की मौत, स्थानीय लोग जमीन धंसने से घबराए

## अनंतनाग में 500 मीटर दूरी में गायब हुई पहाड़ी नदी

**श्रीनगर। जम्मू-कश्मीर में ट्राउट मछलियों के लिए मशहूर ब्रेंगी नाला अचानक बने एक सिंकहोल (जमीन धंसने से बनने वाला कुआं) के कारण 500 मीटर तक सूख गया है। साउथ कश्मीर के अनंतनाग जिले की पहाड़ी नदी में हुई इस घटना के चलते हजारों ट्राउट मछलियों की मौत हो गई है।**

स्थानीय लोगों में जमीन धंसने के कारण खौफ का माहौल बन गया है। साइंटिस्ट्स सिंकहोल के बनने का कारण जानने की कोशिश कर रहे हैं, ताकि उससे होने वाले किसी नुकसान को रोका जा सके। अनंतनाग जिले के वांडेवलगाम एरिय में ब्रेंगी नाला के अंदर सिंकहोल बनने की घटना पिछले सप्ताह हुई है। स्थानीय लोगों का कहना है कि सिंकहोल बनते ही नाले का सारा पानी तेजी से उसमें समाने लगा, जिससे यह छोटी पहाड़ी नदी 500 मीटर से ज्यादा लंबे एरिया में पूरी तरह सूख गई है। सिंकहोल की गहराई 200 मीटर से ज्यादा आंकी गई है। स्थानीय लोगों ने इस घटना के चलते ब्रेंगी नाला में मिलने वाली मछलियों के पूरी तरह खत्म होने का डर जताया है। उन्होंने जिला प्रशासन से तत्काल सिंकहोल के आसपास के एरिया में इसके कारण किसी भी तरह का नुकसान रोकने के लिए कदम उठाने की मांग की है। ब्रेंगी नाला ट्राउट मछलियों के लिए बेहद मशहूर है और इसमें लाखों की संख्या में ये मछलियां पाई जाती हैं। ट्राउट कोल्ड वाटर फिश है, जो केवल 0 से 20 डिग्री सेल्सियस तापमान वाले बहते हुए ताजे मीठे पानी वाली नदी में ही पाई जाती है।






## यूक्रेन ने रूस समर्थक विद्रोहियों पर बरसाए बम

**कीव/मास्को।** रूस और यूक्रेन के बीच जारी तनाव में अब नया मोड़ आता दिख रहा है। रूस की मीडिया ने दावा किया है कि पूर्वी यूक्रेन में विद्रोहियों पर यूक्रेन की सेना ने ग्रेनेड और मोर्टार से हमले किए हैं जो समझौतों का उल्लंघन है। माना जाता है कि ये विद्रोही रूस समर्थक हैं। उधर, अमेरिका के राष्ट्रपति कार्यालय वाइट हाउस ने चेतावनी दी है कि रूस कभी भी यूक्रेन पर हमला कर सकता है।रूस की स्पुतनिक समाचार वेबसाइट के मुताबिक यूक्रेन की सेना ने देश के पूर्वी इलाके में स्थित स्वघोषित लुगांस्क पीपुल्स रिपब्लिक में गुरुवार को चार जगहों पर मोर्टार गोले और ग्रेनेड से हमला किया है। इस कथित रिपब्लिक के एक अधिकारी ने कहा, च्यूक्रेन की सेना ने मिंस्क समझौते का उल्लंघन करते हुए सीजफायर का उल्लंघन किया है और हथियारों का इस्तेमाल किया है। फरवरी 2015 में हुए इस समझौते में रूस समर्थक विद्रोही गुटों और यूक्रेन की सरकार के बीच सीजफायर हुआ था। इसके तहत सेना की वापसी, आर्थिक रिश्तों की शुरुआत, यूक्रेन में संवैधानिक सुधार आदि पर सहमति बनी थी। रूसी मीडिया का यह दावा अगर सही है तो दोनों देशों के बीच पहले से चला आ रहा तनाव और भड़क सकता है। इस बीच अमेरिकी राष्ट्रपति कार्यालय ने चेतावनी दी है कि रूस कभी भी यूक्रेन पर हमला कर सकता है। इस बीच राष्ट्रपति जो बाइडन ने उपराष्ट्रपति कमला हैरिस और विदेश मंत्री को म्यूनिख में हो रहे सम्मेलन में हिस्सा लेने के लिए कहा है ताकि दुनियाभर के नेताओं को रूस के खिलाफ एकजुट किया जा सके।

### अमेरिका ने दी हमले की चेतावनी



जबलपुर, मंडला, कटनी, भोपाल, नरसिंहपुर, सिवनी से एक साथ प्रकाशित



# फाल्गुन महीने की आज से शुरूआत

## महाशिवरात्रि के साथ ही छाएगा रंगों के त्योहार होली का उल्लास

**जबलपुर।** हिंदू पंचांग के अंतिम माह फाल्गुन की शुरुआत 17 फरवरी से हुई। इस महीने शिव आराधना के महापर्व महाशिवरात्रि के साथ ही रंगों के त्योहार होली का उल्लास भी छाएगा। शिव मंदिरों में विभिन्न आयोजन होंगे। इसके अतिरिक्त मठ-मंदिरों के साथ विभिन्न सामाजिक संगठनों के फाग उत्सव भी होंगे। व्रत, तीज और त्योहार के अतिरिक्त महापुरुषों की जयंती भी इस महीने मनाई जाएगी। ज्योतिर्विदों ने बताया कि इस महीने को आनंद और उल्लास का महीना माना जाता है। फाल्गुनी कृष्ण चतुर्दशी को भगवान शिव की उपासना का पर्व महाशिवरात्रि मनाई जाती है। इसे चंद्रमा का जन्म माना जाता है। इसलिए उनकी उपासना भी की जाती है। इस माह में धार्मिक महत्ता रखने वाला रंगों का त्योहार होली भी आएगा। फाल्गुन माह में भगवान कृष्ण और देवी रुक्मणी की उपासना का भी महत्व माना गया है। माह की शुरुआत के साथ आराध्य को लगने वाले भोग में भी बदलाव होगा। माघ माह में जहां भोग में तिल के व्यंजनों का विशेष महत्व था, वही इसमें मेवे-मिष्ठान्न और फलों का विशेष महत्व माना जाता है।

### प्रमुख व्रत-त्योहार/ जयंतियां

- छत्रपति शिवाजी जयंती - 19 फरवरी
- गणेश चतुर्थी - 20 फरवरी
- सीता अष्टमी - 24 फरवरी
- विजया एकादशी व स्वामी दयानंद सरस्वती जयंती - 26 फरवरी
- महाशिवरात्रि - 1 मार्च
- फाल्गुन अमावस्या - 2 मार्च
- फुलेरा दूज एवं रामकृष्ण जयंती - 4 मार्च
- होलाष्टक - 10 मार्च से
- आमलकी एकादशी - 14 मार्च
- होलिका दहन - 17 मार्च
- धुलेंडी व चैतन्य महाप्रभु की जयंती - 18 मार्च

# इनफ्रादी शान से काबे में आते है अली



## गढ़ा के मुशायरे मे एक से बढ़कर एक कलाम पेश*

जबलपुर गढ़ा काजी मोहल्ला मे गत रात्रि जश्ने विलादत मौलाए कायनात के उपलक्ष्य में तरही मनकबती मुशायरे का एहतमाम किया गया। पीरे तरीक़त हज़रत खलील शाह शिकोही ने मुशायरे की सदारत फरमाई। इनफ्रादी शान से काबे में आते हैं । अली मुशायरा का मिशरा रहा। मुशायरे में वरिष्ठ शायर उस्ताद असलम माजिद जबलपुरी, मन्नान फराज़, डॉ मकबूल कादरी, हाफिज असद कर्बालाइ, इजहार जबलपुरी, डॉ रउफ जिया, सहित लगभग डेढ़ दर्जन शायरो ने एक से बढ़कर एक मनक़बती कलाम पेश किये।

# एमपी बोर्ड 12वीं की परीक्षा शुरू

## पहले दिन अंग्रेजी का पेपर, विद्यार्थियों में दिखा उत्साह



**जबलपुर,यशभारत।** मध्य प्रदेश माध्यमिक शिक्षा मंडल (माशिम) की बोर्ड परीक्षा शुरू हो गई। पहले दिन 12वीं का अंग्रेजी विषय का पेपर हुआ। विद्यार्थियों को सुबह 8 :30 बजे परीक्षा केंद्र पहुंचने का समय तय किया गया था। परीक्षा केंद्रों पर सुबह से ही बच्चों के पहुंचने का सिलसिला शुरू हो गया। दो साल बाद स्कूलों में एमपी बोर्ड की आफलाइन परीक्षाएं हो रही हैं। बच्चों में परीक्षाओं को लेकर काफी उत्साह नजर आ रहा है। परीक्षा केंद्रों पर कोरोना गाइडलाइन के मुताबिक समुचित इंतजाम किए गए हैं। सभी छात्रों को मास्क, सैनिटाइजेशन के बाद ही परीक्षा केंद्रों में प्रवेश दिया गया। सभी केंद्रों पर परीक्षार्थियों की एंट्री कोविड दिशा-निर्देशों का पालन करते हुए कराई गई। इसमें पहले थर्मल स्क्रीनिंग कर परीक्षार्थियों के शरीर का तापमान नापा गया। उसके बाद उन्हें मास्क पहनने की हिदायत के साथ केंद्र में प्रवेश दिया गया। केंद्रों पर कोविड लक्षणों वाले या कोविड पाजिटिव परीक्षार्थियों के लिए आइसोलेशन रूम का भी इंतजाम किया गया है। जबलपुर जिले में 107 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं। जिसमें शहरी के लिए 44 और ग्रामीण क्षेत्र के लिए 63 केंद्र शामिल हैं। जिले में 19814 परीक्षार्थी बारहवीं की परीक्षा दे रहे हैं। परीक्षा सुबह 10 बजे से एक बजे तक चली। दसवीं की परीक्षाएं 10 मार्च तक और बारहवीं की परीक्षाएं 12 मार्च तक आयोजित की जाएंगी। कलेक्टर परीक्षा नियंत्रण कक्ष के निर्देशानुसार बोर्ड परीक्षाओं के सफल संचालन व नकल अंकुश लगाने के लिए नियमानुसार उड़नदस्ता दलों का गठन किया गया है। दल में अधिकारियों के सिाथ ही शिक्षकों-व्याख्याताओं की ड्यूटी लगाई गई है।

### पहले ही दिन सामने आई लापरवाही

#### गोरखपुर थाने समय पर नहीं पहुंचे कलेक्टर के प्रतिनिधि

जबलपुर यशभारत। माध्यमिक शिक्षा मंडल बोर्ड परीक्षा महाकुंभ का आगाज 12वीं के अंग्रेजी के पेपर के साथ आज से शुरू हो गया है। परीक्षा के पहले ही दिन प्रशासनिक अधिकारियों की लापरवाही सामने आई दरअसल प्रत्येक थाने पर कलेक्टर की प्रतिनिधि पहुंचने पर ही बोर्ड परीक्षाओं के प्रश्न पत्र केंद्रों तक पहुंचाने थे। परंतु गोरखपुर थाने पर कलेक्टर का प्रतिनिधि काफी देर बाद पहुंचा जिसके बाद गोरखपुर क्षेत्रों के परीक्षा केंद्रों में प्रश्न पत्र समय से लेट पहुंचे। कलेक्ट्रेट परीक्षा कंट्रोल रूम से मिली जानकारी के अनुसार गोरखपुर थाने से कंट्रोल रूम में सूचना दी गई थी। परीक्षा केंद्रों पर प्रश्न पत्र पहुंचाए जाने हैं लेकिन कलेक्टर का प्रतिनिधि देर तक नहीं पहुंचा है। जानकारी लगने के बाद कंट्रोल रूम के अधिकारियों ने कलेक्टर प्रतिनिधि से दूरभाष में चर्चा करनी चाहिए परंतु किसी ने फोन रिसीव नहीं किया काफी देर बाद कलेक्टर के प्रतिनिधि गोरखपुर थाने पहुंचा जिसके बाद प्रश्न पत्र केंद्र पहुंचाए गए।

## मौसम में लगातार परिवर्तन

# दिन में तेज धूप रात में सर्द हवाएं

जबलपुर, । बीते एक सप्ताह से मौसम में लगातार परिवर्तन देखा जा रहा है। कभी सर्द तो कभी गर्माहट हो रही है। दिन में तेज धूप तो रात में सर्द हवाएं लोगों को सिहरा रहीं हैं। आने वाले समय में लोगों को गर्मी का सामना करना पड़ेगा। पश्चिम विछोभ भले कमजोर पड़ गया है। लेकिन असर अब भी कायम है। गुरुवार को सूरज के दर्शन सात बजे के बाद हुए। जबकि ठंडी हवाएं सुबह से ही चलती रही। रात का न्यूनतम तापमान भी मामूली गिरावट के साथ 13 से घटकर 12.9 डिग्री सेल्सियस रिकार्ड किया गया। सुबह से ठंडी हवाएं लोगों को जाड़े का अहसास अब भी करा रही है। मौसम के बदले अंदाज लोगों को समझ नही आ रहे हैं। पश्चिमी विक्षोभ के असर से मौसम विभाग ने आंशिक रुप से बादल छाने की संभावना जताई है। उत्तरी ठंडी हवाएं अभी धूप के असर को कम किये है। वातावरण में ठंडक घुली हुई है। हालांकि दोपहर में तेज धूप से ठंड का असर कम होगा। मौसम विभाग के मुताबिक अभी मौसम एक-दो दिन तक ऐसा ही बना रहेगा। पश्चिमी विक्षोभ के असर से अचानक बदले मौसम से तापमान में भी उतार-चढ़ाव देखा जा रहा है। तापमान में आए उतार-चढ़ाव से दिन में ठंड का असर कम रहा जबकि रात में हल्की ठंडक कायम रही। बुधवार को अधिकतम 26.9 और न्यूनतम 13 बजे तक अधिकतम 15 डिग्री और न्यूनतम 13 डिग्री रिकार्ड किया गया। जबकि गुरुवार को सुबह 8:30 बजे तक न्यूनतम तापमान 12.9 डिग्री रहा। मौसम विभाग के मुताबिक अभी एक दो दिन बाद तापमान में बढ़ोत्तरी देखी जा सकेगी।



# स्वछता की अलख जगाने दौड़े रासेयो स्वयंसेवक

**जबलपुर।** आजादी के 75 वे अमृत महोत्सव के उपलक्ष्य में फिट इंडिया फ्रीडम रन 2.0. का आयोजन कमानिया गेट से रानीताल स्टेडियम 3 (किलोमीटर) तक सुबह 8.30 से 9.30 तक फ्रीडम रन का आयोजन किया गया। जिसका आयोजन राष्ट्रीय सेवा योजना रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय जबलपुर एवं नेहरू युवा केंद्र जबलपुर के संयुक्त तत्वावधान में किया गया। नेहरू युवा केंद्र से कार्यक्रम सहायक अतुल पांडेय एवं राष्ट्रीय सेवा योजना रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय जबलपुर राष्ट्रीय सेवा योजना कार्यक्रम समन्वयक प्रोफेसर अशोक कुमार मराठे एवं कार्यक्रम अधिकारी मुक्त इकाई राष्ट्रीय सेवा योजना डॉ.देवांशु गौतम रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय जबलपुर मध्यप्रदेश ने कार्यक्रम में स्वयंसेवकों का मार्गदर्शन किया। कार्यक्रम के सफल आयोजन में राष्ट्रीय सेवा योजना स्वयंसेवक में मोहम्मद हसनैन बेग,अंचल मिश्रा,तृप्ति दूबे,आकांशा प्रधान, रेणु चौधरी,प्रांजल गोल्हानी,नेहा अग्रिहरि,ऋतिका साहू,संजोली गरेवाल,जतिन केशवाणी,विकास शर्मा,मोहित तिवारी, कपिल राज प्रिंस ने सक्रिय सहभागिता की।

# सीएम राइस स्कूल में प्राचार्य पद की नियुक्ति हाईकोर्ट के फैसले के अधीन होगी

जबलपुर यशभारत। मध्य प्रदेश उच्च न्यायालय में दायर याचिका रत्नेश कुमार शर्मा (प्राचार्य)विरुद्ध अन्य में माननीय न्यायधीश जस्टिस संजय द्विवेदी जी ने आवेदक के पक्ष में फैसला करते हुए नोटिस जारी किया। आवेदक के अधिवक्ता एडवोकेट सत्येंद्र ज्योतिषी ने न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत करते हुए बताया कि मध्य प्रदेश स्कूल शिक्षा विभाग में शिक्षा के स्तर में सुधार एवं बहुमुखी एवं उत्कृष्ट शिक्षा प्रदान करने के उद्देश्य मध्यप्रदेश में 275 सीएम राइस स्कूल चयनित कर स्थापित किए गए थे जिसमें के ढ्ढत्र 1 से लेकर कक्षा बारहवीं तक के छात्रों को सर्व सुविधा युक्त उत्कृष्ट शिक्षा प्रदान करने का प्रमुख उद्देश्य था । इन स्कूलों में योग्य एवं प्रशिक्षित प्राचार्य एवं शिक्षकों का चयन करना था। दिनांक 26-10-2021 को इन स्कूलों के प्राचार्य पद के चयन के लिए विज्ञापन निकाला गया था एवं योग्यता थी कि प्राचार्य पद के लिए ङ्क हाई स्कूल एवं हायर सेकेंडरी स्कूल- के प्राचार्य ही आवेदन कर सकते हैं। पूरे मध्यप्रदेश से 238 लोगों ने ङ्क ऑनलाइन के माध्यम से आवेदन किया था । जिसमें शासन ने -131 ङ्क लोगों को शॉट आउट किया था इसके पश्चात- 69 लोगों का चयन कर प्राचार्य के प्रशिक्षण के लिए इंदौर भेज दिया गया था । इनमें से 9 प्राचार्य ऐसे भी थे जो कि 131 की लिस्ट में शामिल नहीं थे एवं नियम विरुद्ध तरीके से सूची का प्रकाशन किया गया था एवं इनका चयन कर लिया गया था!

इसके पश्चात दिनांक 5 /1/ 2022 को पुन: एक नया विज्ञापन निकाल दिया गया जिसमें यह कंडिका जोड़ी गई 1 कि पूर्व मैं आवेदित आवेदक आवेदन नहीं कर सकते -सिर्फ नवीन प्राचार्य ही आवेदन कर सकते हैं ! एवं कंडिका क्रमांक 2 में यह लिखा है कि उप प्राचार्य के पद पर जिन प्रतियोगियों ने 60त्न अंक प्राप्त किए हैं वो प्राचार्य पद के लिए पात्र हैं।

प्राचार्य के पद पर जो दूसरा विज्ञापन निकाला गया वह नियम विरुद्ध एवं दूषित है ङ्क जब प्राचार्य के पद पर प्राचार्य ही आवेदित कर सकते हैं तो दूसरे चरण के प्राचार्य के पद पर चयन किए गए लोगों में 65 लोग ऐसे थे जो कि प्रथम चरण में शामिल हुए थे द्वजबकि कंडिका में यह लिखा है कि प्रथम चरण के आवेदकों को शामिल नहीं किया जाएगा/ कंडिका की दूसरी शर्त में उप प्राचार्य के पद पर 60त्न अंक वालों के लोगों को सेलेक्ट किया गया जबकि अभी द्वउप प्राचार्य एवं हेड मास्टर की जो परीक्षाएं हुई थी उनका आज दिनांक तक रिजल्ट डिक्लेअर नहीं हुआ तो आप उनको उप प्राचार्य कैसे मान सकते हैं अत: सिलेक्शन कि यह कंडिका प्रक्रिया भी दूषित है!

प्रथम चरण में 64 लोगों का चयन किया गया एवं द्वितीय चरण में 58 लोगों का चयन किया गया जो कि लापरवाही अनियमितता एवं विधि विरुद्ध तरीके से किया गया है जब एक बार विज्ञापन निकल गया तो पूरी प्रक्रिया के पूर्ण होने के पहले उसमें संशोधन करना कानून के तत्वों का उल्लंघन है

### नियम विरुद्ध तरीके से हो रही प्राचार्य पद पर चयन प्रक्रिया में- प्रमुख सचिव- आयुक्त -डायरेक्टर स्कूल शिक्षा एवं लोक शिक्षण संचनालय को हाईकोर्ट का नोटिस

प्राचार्य के पद पर शासन ने नियम विरुद्ध तरीके से उच्च माध्यमिक शिक्षकद्व व्याख्याता एवं अन्य लोगों की का चयन प्राचार्य के पद पर किया जाना न्याय संगत नहीं है।

माननीय न्यायालय ने प्रकरण की गंभीरता को देखते हुए एवं प्राचार्य पद के चयन में घोर लापरवाही मानते हुए प्रमुख सचिव स्कूल शिक्षा विभाग भोपाल आयुक्त लोक शिक्षण संचनालय भोपाल डायरेक्टर लोक शिक्षण संचनालय भोपाल एवं अन्य को नोटिस जारी करते हुए आवेदक के पक्ष में आदेश पारित करते हुए प्राचार्य पदों के चयन की प्रक्रिया हाईकोर्ट के आदेश के अधीन रहेगी यह आदेश पारित किया गया है प्रकरण में आवेदक का पक्ष एडवोकेट सत्येंद्र ज्योतिषी ने न्यायालय के समक्ष रखा।



संत रविदास जयंती पर भंडारा और महा आरती

# कांग्रेस अध्यक्ष जगत बहादुर सिंह अन्नू ने की महाआरती

**जबलपुर।** नगर के मदन महल रेलवे स्टेशन के बढ़ई मोहल्ला में संत रविदास जयंती के पावन मौके पर विविध धार्मिक आयोजन किए गए। इस मौके पर नगर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष जगत बहादुर सिंह अन्नू ने महा आरती में भाग लिया साथ ही विशाल भंडारे का भी आयोजन किया गया। जगत बहादुर सिंह अन्नू ने संस्कारधानी के सभी नागरिकों को संत शिरोमणि रैदास जी की जयंती पर हार्दिक बधाई देते हुए कहा कि संत रविदास जी ने संपूर्ण जगत में सामाजिक एकता व समरसता का संदेश दिया। ऐसे परम ज्ञानी शिरोमणि महाराज को हम याद करते हुए उनके दिखाए रास्ते पर चलने की प्रतिज्ञा लेते हैं। इस दौरान कांग्रेस नेता राजेन्द्र रजक(कल्लू), अल्ला चौधरी, ठाकुरदीन चौधरी, नरेश चौधरी, अशोक चौधरी, संजय चौधरी, सावन रैदाश, अंकित रैकवार, निक्की साकेत, लखन चौधरी, नितेश, शनि, किशन, शुभम, अनिल, राजा, गोलू, नंदू, छोटू, राजू, अंकित, उमेश,योगेश,रवि, राहुल,उमेश,आकाश, प्रकाश,अमित,प्रेम लाल आदि बड़ी संख्या में क्षेत्रीय जन मौजूद रहे। कार्यक्रम के दौरान संत रविदास के भजन कीर्तन और अन्य धार्मिक आयोजन किए गए जिसमें लोगों ने उत्साह के साथ भाग लिया।

## भारत रक्षा मंच द्वारा संत रविदास का पूजन अर्चन

जबलपुर। नगर महामंत्री नरेश चौधरी के संयोजकत्व में पोली पाथर में आयोजित भव्य जयंती समारोह में भारत रक्षा मंच द्वारा संत रविदास महाराज का पूजन अर्चन किया गया। इस अवसर पर पूर्व मंत्री शरद जैन, डॉ. एच.पी. तिवारी,पंकज दुबे,जगदीश दुबे, डॉ. रोहित आचार्य,सत्य प्रकाश यादव,राकेश त्रिवेदी ,रत्नेश सोनकर, स्नेहा ज्योति सिंह व संतोष झरिया सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित थे । इस अवसर पर अतिथियों ने गुरु रविदास जी को ईश्वर का अनन्य आराधक बताते हुए लोगों का आह्वान किया कि वे गुरु जी से प्रेरणा लेकर अपने प्रत्येक कार्य को परमेश्वर की पूजा समझकर संपन्न करें और हर परिस्थिति में ईश्वर का स्मरण करते रहें।

आर.एण्ड आर. डायबिटिक एण्ड थायराईडक्लीनिक
Dr. Abhishek Shrivastav
MD DMsc Endocrinology (England)
Masters in Endocrinology RCP (England)
Editorial Board Member Joumal of Endocrinology and Metabolism Research
Editorial Board Member MSD Research Publication
क्लीनिक
मदन महल थाने के पास, HP पेट्रोल पंप के सामने नेपियर टाउन, जबलपुर
समय
दोपहर 12 बजे से 7 :30 बजे तक
Regd. No. 31955
देश के जाने माने थायराइड डायबिटीज हार्मोंस रोग विशेषज्ञ इंग्लैण्ड से प्रशिक्षित अपॉइंटमेंट लेने का समय सुबह10 से शाम 6 बजे तक। मो. 7869022999, 9977369339

1 ग्राम ए.डी. एवं फैंसी ज्वेलरी के थोक विक्रेता
पूजा जैसा कोई न दूजा
पूजा इमीटेशन
पेपर कटिंग लाने पर एक जोड़ी ईयर रिंग फ्री
1 ग्राम गोल्ड शोरुम
मात्र 800 की खरीदी पर एक आईकॉनिक काजल फ्री
पता: चूड़ी गली, अन्नपूर्णा मार्केट, गंजीपुरा, जबलपुर (म.प्र.) मो: 9826243750

Trusted
CCTV CAMERA
Sales & Sarvice
Since- 2009
C.P. Plus, Hikvision, Dahua
AUTH.DEALER- G.S.ELECTRONIC
0% फायनेंस उपलब्ध है।
शॉप नं. 127, कछपुरा ब्रिज, हनुमान मंदिर के सामने, संजीवनी नगर, गढ़ा जबलपुर Mob:-9098983263,9131193852

AN ISO 9001-2008 CERTIFIED Co.
मैरिज स्पेशल शूज
डीसेन्ट फुटवेयर
Exclusive Party Shoes
करमचंद चौक, जबलपुर
प्रो. आकाश श्रीवास्तव
मो.: 9425159114, 8982481114

वास्तविक नि:शुल्क मोतियाबिंद ऑपरेशन
शंकरा आई फाउंडेशन के VISION 100000 प्रोजेक्ट के अंतर्गत
लेंस का भी चार्ज नहीं
दक्ष नेत्रालय
परामर्श शुल्क 350/-
डॉ. चैताली पटेल हर्षे
MBBS, MS, FLVPEI (LV PRASAD EYE INSTITUTE)
डॉ. कौस्तुभ हर्षे
MBBS (AFMC), DNB (GOLD MEDAL), FVRS (SANKARA)
प्रथम तल, ओमेगा चिल्ड्रन्स हॉस्पिटल, गोलबाजार, जबलपुर
9111021252, 0761-4925929, 7049984830
सोम- शनि । समय: 10AM-6PM

आवश्यकता है हेल्थ एवं लाइफ इंश्योरेंस
विश्व की बहुचर्चित कंपनी में कार्य करने हेतु युवक एवं युवतियों की। मार्केटिंग वालों को प्रथम प्राथमिकता
योग्यता- 10वीं से स्नातक
शीघ्र संपर्क करें
वेतन 5 अंकों में
मो. 9300068860, 7987249262

श्री लक्ष्मी मेडिकल
यहां सभी प्रकार की दवाईयां उपलब्ध, साथ ही पायें 15 से 70 प्रतिशत तक की छूट
त्रिवेणी हेल्थ केयर के सामने राइट टाउन स्टेडियम के पास
मो. 9977213219,7691912082

स्माईल्स by डॉ. शंकरन
व्यापक दंत चिकित्सा एवं मौखिक स्वास्थ्य देखभाल केन्द्र
केयर ऑफ मंजूषा नर्सिंग एवं मेटरनिटी होम किंग्सवे मेन रोड, सदर बाजार, जबलपुर (म.प्र.) 482001
0761-4098765, मो.9826110610
Website-www.smilesbydrshankaran.com
Email-info@smilesbydrshankaran.com
dr.abhilash@rocketmai.com
डॉ. अभिलाष शंकरन
बी.डी.एस., एम.डी.एस., (कंजर्वेटिव डेंटिस्ट्री एण्ड एंडोडॉन्टिक्स)
रजि नं. A- 1918
रूट कैनाल एवं सौंदर्य दंत चिकित्सा विशेषज्ञ
यहॉं दांतों की सभी प्रकार की बीमारियों का इलाज विशेषज्ञ द्वारा किया जाता है।
- : सुविधाऐं उपलब्ध :-
दंतों की नस का इलाज (रूट कैनाल ट्रीटमेंट), कॉस्मेटिक डेंटिल फिलिंग।, दंतों के पीलेपन का उपचार (डेंटल ब्लीचिंग)।, डेंटल एक्सरे।, दंतों की सफाई (स्केलिंग) एवं पायरिया रोग का उपचार।, फिक्स दॉत लगवाना (सिरामिक एवं मेटल)।, टेढ़े दातों का इलाज (आर्थोडोन्टिक ट्रीटमेंट)।, बत्तीसी लगवाना- फिक्स एवं निकालने वाली (डेन्चर)।, बच्चों के दांतों का इलाज (पीडोडोन्टिक ट्रीटमेंट)।, डेंटल इम्प्लांट।, डेन्टल ज्वेलरी।, सड़े हुए दातों को निकालना (डेंटल एक्सट्रैक्शन)।

प्रो. प्रेरणा रोहरा
कुल्हड़ वाला -गरमागरम
केसर दूध
सूखे मेवे से भरपूर
विजय नगर, एकता चौक, जेन्ट्री गेट के नीचे
शाम- 4 बजे से रात्रि 10 बजे तक (अवश्य पधारें) मो. 7974758785

अब नई शृंखला के साथ
KARAN SHOES
MALVIYA CHOWK
ANAND CINEMA ROAD NEAR 4th BRIDGE
KATANGA CROSSING
NAYA BAZAR MALVIYA CHOWK

Roasted Food Junction
जनता साइकिल के बाजू से बड़ी ओमती चौक, जबलपुर
न्यू शो रूम
मकर संक्रांति के फ्रुट आयटम उपलब्ध
चना रेवड़ी गजक ड्रायफ्रूट
नमकीन तोस लईया लड्डू भेल
AK's Pure & Tasty Special
मनोज संगतानी मो. 9301997304

महाकोशल का सबसे आधुनिक ICU, जबलपुर में आपकी सेवा में 24 घण्टे
Life Care ICU. मुखर्जी हॉस्पिटल
हमारे यहां उपलब्ध विशेषज्ञों की टीम एवं सुविधाएं:-
डॉ अभिजीत मुखर्जी (वरिष्ठ हड्डी रोग एवं ट्रामा विशेषज्ञ)
डॉ हर्ष सक्सेना (वरिष्ठ न्यूरो सर्जन)
डॉ तरून नागपाल (वरिष्ठ न्यूरोलोजिस्ट)
डॉ विशाल वडेरा (वरिष्ठ किडनी रोग विशेषज्ञ)
डॉ एम. चंसौरिया (वरिष्ठ ICU विशेषज्ञ)
डॉ प्रशांत कुशवाहा (वरिष्ठ न्यूरो सर्जन)
डॉ पुनीत भल्ला (एम.डी. कार्डियोलॉजिस्ट)
डॉ अखिलेश पटेल (छाति एवं सांस रोग विशेषज्ञ एम.डी)
डॉ नेहा चंसौरिया B.D.S. M.D.S (वरिष्ठ दंत एवं जबड़ा रोग विशेषज्ञ)
covid-19 संबंधित हर इलाज, सांस फूलना, फेफड़ों की बीमारी, महाकौशल का सबसे आधुनिक वेंटिलेटर उपलब्ध, हड्डी की चोट, सर की चोट, हेड इंज्यूरी, जहरीली वस्तु का सेवन, (POISON-UNIT) बर्न यूनिट, डायलिसिस सुविधा, उच्च स्तरीय ट्रेन्ड नर्सिंग- पैरा मेडिकल स्टाफ, भर्ती मरीजों के लिए डायटिशियन द्वारा बताया गया भोजन, नि:शुल्क उपलब्ध।
पता:- 1933,प्रेम मंदिर के पास राइट टऊन, जबलपुर, संपर्क सूत्र:-7049079825, 9300920067
हॉस्पिटल फोन:- 0761- 4038666, जबलपुर का प्रथम CRITICAL CARE हॉस्पिटल (E-mail:- lifecareicujbp@gmail.com)

## कलेक्ट्रेट में जब होने लगी त्रेता युग की बातें

# राम भक्त हनुमान के नाम से रखा है हनुमानताल का नाम इसलिए मछली न मारी जाएं

**मेयर इन काउसिंल की बैठक में प्रस्ताव पास होने के बाद लोग बाज नहीं आ रहे**

**जबलपुर, यशभारत। त्रेता युग में भगवान विष्णु ने मयार्दा पुरूषोतम श्रीराम के रूप में जन्म लेकर लोगों का उद्धार किया, इस युग में भगवान श्रीराम ने हिंसा छोड़ अहिंसा के मार्ग पर सबको चलना सिखाया, जीव- जंतुओं को मारना पाप बताया गया। इस कायज़् में अंजनी पुत्र हनुमान जी ने भगवान का साथ दिया। इसी के तहत हनुमानतालाब का नाम करण भी हुआ। यह धमज़्मयी बाते कलेक्ट्रेट में उस वक्त सुनाई दी जब दुगामज़्ंदिर निवासी और शाकाहार रत्न अवार्ड प्राप्त करने वाले सुरेशचंद्र जैन हनुमानतालाब से मछली मारने की रोक लगाने का आवेदन लेकर पहुंचे।**



शिकायतकर्ता सुरेशचंद्र जैन ने बताया कि मेयर इन काउसिंल की बैठक में सवज़्सम्मति से प्रस्ताव पास हुआ था कि हनुमानतालाब से मछली नहीं मारी जाएगी बाबजूद लोग मछली मार रहे हैं। पूरा क्षेत्र धमज़्मयी है, हिंदू त्यौहारों में हनुमानतालाब में पहुंचकर लोग पूजन-अचज़्न करते हैं और धामिज़्क ग्रंथों में किसी जीव का हिंसा करना पाप है। अगर ऐसी स्थिति में हनुमान तालाब से मछली मारी जाएगी तो एक प्रकार से हिंसा है।

### भतीजा कलेक्टर रह चुका है, भाई ने ली दीक्षा

सुरेशचंद्र जैन बताते हैं कि उन्होंने शाकाहार को लेकर एक अभियान छेड़ा है। इसमें परिवार का सहयोग भी मिल रहा है। सुरेशचंद्र जैन ने बताया कि राहुल कुमार जैन उनका भतीजा है जो उमरिया जिले का कलेक्टर रह चुका है साथ ही एक भाई ने दीक्षा ली है।

### पुण्य स्थल पर बंद हो जीव जंतुओं की हिंसा

सुरेशचंद्र जैन ने कलेक्टर से मांग रखी है कि ऐसे पुण्य स्थलों पर जीव जंतु की हिंसा पर रोक लगनी चाहिए। हनुमान तालाब के आसपास सभी धमोज़् के देवालय है और एक अलग ही अनुभूति यहां पर होती है इसलिए तालाब से मछली मारने पर रोक लगाकर इस स्थल को और भी सुंदर बनाया जा सकता है।

# 3 चोरों से 13 लाख के जेवरात जब्त

## 14 चोरियों का खुलासा, चार थाना क्षेत्रों में की वारदात



पत्रकारवार्ता में जानकारी देते पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ बहुगुणा व अन्य अधिकारी। फोटो अशोक बर्मन

**जबलपुर, यशभारत।** गढ़ा पुलिस ने तीन शातिर चोरों को दबोचकर हथियार समेत करीबन 13 लाख रुपए के सोने-चाँदी के जेवरात जब्त किए है। पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ बहुगुणा ने कंट्रोलरूम में आयोजित पत्रकारवार्ता में इसका खुलासा किया। उन्होंने बताया कि पुलिस को सूचना मिली है कि बड्डा दादा ग्राउण्ड के पास 2 व्यक्ति होण्डा शाईन में है और दोनों पिस्टल रखे हुए हैं। जिसके बाद गठित टीम द्वारा दबिश दी तो होण्डा साईन क्रमांक एमपी 20 एम व्ही 6251 में आरोपी बैठे दिखे। जो पुलिस के देखकर भागने लगे। घेराबंदी कर आरोपी भागवत उर्फगुड्डू चौधरी 34 वर्ष निवासी शारदा विहार कालोनी कटंगी रोड करमेता माढ़ोताल एवं यासीन उर्फआशू अली 45 वर्ष निवासी आजाद नगर सूपाताल थाना गढ़ा को दबोचा गया। जिनकी तलाशी लेने पर भागवत के पास से एक देशी कट्टा जिसके बेरल में एक कारतूस लोड था एवं आसीन अली एक देशी पिस्टल जिसकी मेगजीन में एक कारतूस लोड था खोंसे मिले। दोनों आरोपियों से देशी 1 कट्टा, 1 पिस्टल एवं 2 कारतूस तथा मोटर सायकल जब्त करते हुये कार्यवाही की गई। सघन पूछताछ की गयी तो दोनो ने अपने साथी हनुमत दाहिया के साथ मिलकर थाना गढा, संजीवनी नगर, तिलवारा, भेडाघाट में कुल 14 चोरी करना स्वीकार किया है। आरोपी हनुमत दाहिया पिता गोपी दाहिया 50 वर्ष निवासी अम्बेडकर चौक परसवाडा थाना संजीवनी नगर को अभिरक्षा में लेते हुये, तीनों आरोपियों की निशादेही पर चुराये हुये 165 ग्राम सोने एवं 5 किलो 130 ग्राम चांदी के जेवरात कीमती करीबन 13 लाख रुपए के जब्त करते हुये उपरोक्त तीनों आरोपियों की थाना गढा की 1, थाना संजीवनी नगर की 8, थाना भेडाघाट की 1 एवं थाना तिलवारा की 4 कुल 14 चोरी की घटनाओं के प्रकरणों में गिरफ्तारी की जा रही है। पकडे गये तीनों शातिर चोर घूम घूमकर सूने मकानो की रैकी करते थे व सूने मकानों का ताला तोड़कर चोरी की वारदात को अंजाम देते थे। तीनों के पूर्व में पुलिस रिकॉर्ड खंगाले जा रहे है।

### ये हैं शातिर चोर

1. गुड्डू उर्फ भागवत पिता भैरव चौधरी 34 वर्ष निवासी म नं 948 शारदा विहार कालोनी कटंगी रोड करमेता थाना माढ़ोताल जबलपुर 2. यासीन उर्फ आशू अली पिता तहसीन अली 45 वर्ष निवासी सूपाताल आजाद नगर थाना गढ़ा जबलपुर 3. हनुमत दाहिया पिता गोपी दाहिया 50 वर्ष निवासी अम्बेडकर चौक परसवाडा थाना संजीवनी नगर जिला जबलपुर।

### ये हुई जब्ती

आरोपी गुड्डू एवं यासीन से दो नग फायर आर्म्स कट्टा एवं पिस्टल 1-1 जिन्दा कारतूस के, एवं होण्डा साईन बाइक तथा चुराये हुये 165 ग्राम सोने एवं 5 किलो 130 ग्राम चांदी के जेवरात कीमती करीबन 13 लाख रुपए के हैं।

## राज्यसभा सांसद विवेक तन्खा का ट्वीट

### यूक्रेन से भारतीय छात्र देश लौटें, सरकार करे व्यवस्था



**जबलपुर, यशभारत।** कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और राज्य सभा सांसद विवेक कृष्ण तन्खा ने ट्वीट के माध्यम से केन्द्र सरकार से मांग की है कि यूक्रेन में रह रहे भारतीय छात्रों को वापस लाने के लिए उचित कदम उठाएं। जो छात्र भारत आना चाहते है, उनकी सुविधा के लिए यात्रा में सब्सिड़ी दे या फिर मुफ्त यात्रा की सुविधा प्रदान करें। उल्लेखनीय है कि यूक्रेन और रुस के बीच युद्ध के हालात हैं। मध्यप्रदेश के सिवनी जिले का भारतीय छात्र ने अपने परिजनों को यूक्रेन के ताजा हालातों के बारे में बताया है। वह अभी तक देश नहीं लौट सका है।

# संपत्ति विरूपण अधिनियम का कड़ाई से होगा पालन : निगमायुक्त

**संपत्ति विरूपण अधिनियम का पालन न करने वालों पर होगी जुर्माने की कार्यवाही**

**जबलपुर, यशभारत।** शासन द्वारा जारी दिशा निदेशो का पालन कराने निगमायुक्त आशीष वशिष्ठ ने संबंधित अधिकारियों को आदेश जारी कर निदेज़्शित किया है कि सम्पूर्ण नगर निगम क्षेत्र जबलपुर में विभिन्न अवसरों तथा त्यौहारों की शुभकामनाओं, जन्मदिन, जलसा-जलूस, प्रदशज़्न, रैलियों के आयोजन आदि के लिए विभिन्न व्यक्तियों, राजनैतिक दलों एवं संस्थाओं द्वारा सावज़्जनिक सम्पत्ति तथा स्ट्रीट लाईट के विद्युत पोल शासकीय भवनों, सम्पत्तियों आदि में मध्यप्रदेश सम्पत्ति विरूपण निवारण अधिनिय 1994 के नियम (3) का उल्लंघन करते हुए फ्लेक्स बोर्ड एवं पर्चे आदि विज्ञापन हेतु बिना किसी अनुमति के लगा दिए जाते हैं, उनके विरूद्ध कार्रवाई सुनिश्चित करें। उन्होंने बताया कि मध्यप्रदेश सम्पत्ति विरूपण निवारण अधिनियम 1994 के नियम (3) के अंतर्गत अनुचित एवं दण्डनीय है। मध्यप्रदेश नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 335 एवं 336 के अंतगज़्त अनुचित एवं दण्डनीय है, दण्ड प्रक्रिया संहिता की धारा 133 के अंतगज़्त अनुचित एवं दण्डनीय है, एवं मध्यप्रदेश आउट डोर विज्ञापन मीडिया नियम 2017 के नियम 22(2) अनुसार अनुचित एवं दण्डनीय है साथ्र ही वेतरतीब तरीके से लगाए जाने के कारण दुर्घटनाओं की आशंका बनी रहती है। उन्होंने अधिकारियों को निदेज़्शित किया कि तत्काल यह अधिसूचना कड़ाई से पालन कराएं तथा उपरोक्त प्रकार का कोई भी कृत्य अवैधानिक एवं दण्डनीय माना जायेगा। कोई भी व्यक्ति, संस्था, राजनैतिक दल द्वारा इस प्रकार के कोई भी फ्लेक्स, बोर्ड, पर्चे आदि सार्वजनिक स्थानों सम्पत्तियों पर लगाया जाना निषेध किया है। उन्होंने कहा कि इस प्रकार का कृत्य पाए जाने पर उत्तरदायी के विरूद्ध उपरोक्त अधिनियम एवं नियम तथा दण्ड संहिता प्रक्रिया के सुसंगत प्रावधानों के अनुसार आर्थिक दण्ड एवं अभियोजन की कार्यवाही की जावे।

## एन.पी.एस. की पासबुक संधारित की जाए

**जबलपुर।** मध्यप्रदेश जागरूक अधिकारी कर्मचारी संयुक्त समन्वय समिति ने आरोप लगाया कि एन.पी.एस. की पासबुक संधारित करने में लापरवाही की जा रही है। जिलाध्यक्ष रॉबर्ट मार्टिन ने बताया कि शासन के आदेश होने के बावजूद भी संकुल प्राचार्य एवं बाबुओं की सांठगांठ और उदासीनता के चलते आज दिनांक तक अध्यापकों की अंशदान पेंशन योजना की पासबुक का संधारण नहीं किया जा सका है। जिससे अध्यापकों में रोष व्याप्त है। संघ ने आगे बताया कि एनपीएस की पासबुक के संधारण के लिए निर्देश जारी किए जा चुके हैं परंतु प्राचार्य एवं बाबू की हठधर्मिता के चलते अध्यापकों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। संघ ने बताया कि एनपीएस की पासबुक संधारित रहने से कर्मचारियों को जानकारी रहती है कि उनकी कितनी कटौती हो रही है और उनके परिवार के सदस्यों को भी जानकारी रहती है परंतु एनपीएस की पासबुक संधारित नहीं होने से यदि किसी कर्मचारी की किसी कारण बस अचानक मृत्यु हो जाती है तो उनके पैसे मिलने में परिवार के लोगों को भी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। संघ के दिनेश गौड़, स्टेनली नॉरबट, हेमंत ठाकरे, राकेश श्रीवास, शहीर मुमताज, गुडविन चाल्स, एनोस विक्टर, योगेश ठाकरे, रॉबर्ट फ्रांसिस, वीरेंद्र श्रीवास, आदि ने जिला शिक्षा अधिकारी से मांग की है कि संकुल प्राचार्य को निर्देशित किया जाए कि अध्यापकों की एनपीएस की पासबुक शीघ्र संधारित की जाए।

# दरवाजा तोड़कर युवक को लाठियों से पीटा

## पुराने विवाद पर घर में की जमकर तोड़फोड़

जबलपुर, यशभारत। अधारताल के सुहागी में बुधवार की दरमियानी रात पोल्ट्री फार्म में काम करने वाले एक युवक के घर का दरवाजा तोड़कर अंदर दाखिल हुए चार बदमाशों ने लाठियों से प्राणघातक हमला कर, युवक से जमकर मारपीट की और जब इतने से भी उनका मन नहीं भरा तो घर में जमकर तोडफोड़ कर दी और मौके से फरार हो गए। जिसके बाद लहूलुहान हालत में थाने पहुंचा पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज कर, फरार आरोपियों की तलाश में जुटी है। पुलिस ने मामले की जानकारी देते हुए बताया कि छोटू उर्फ आकाश कोल पिता बाबूलाल कोल 17 साल ने थाने पहुंचकर बताया कि वह पन्नी मोहल्ला सुहागी का निवासी है और पोल्ट्री फार्म में कार्य करता है। दरमियानी रात पुरानी बुराई को लेकर उसके घर के सामने नीलेश कोल, प्रहलाद कोल, निक्की और समीर जमकर गालीगलौच करने लगे। जब वह घर से बाहर नहीं निकला तो चारों ने एक राय होकर उसके घर का दरबाजा तोड़ दिया और अंदर दाखिल होकर जमकर मारपीट करने लगे। पीड़ित ने पुलिस को बताया कि जब उसने विरोध किया तो चारों ने उस पर लाठियों से वार कर दिया और बाद में घर में भी जमकर तोड़फोड़ कर दी और जान से मारने की धमकी देते हुए मौके से फरार हो गए। घटना में उसके घर गृहस्थी के समान को क्षति हुई है। पुलिस आरोपियों को सरगर्मी से तलाश करने में जुटी है।

# वीरगति पाने वाले रेल कर्मचारियों को श्रद्धा सुमन अर्पित



**जबलपुर यश भारत।** मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय में सागर के निकट जरूआखेड़ा स्टेशन पर गत दिवस अंडर ब्रिज निर्माण के दौरान घटित दुर्घटना में दिवंगत रेल कर्मचारियों के निधन पर एक शोक सभा का आयोजन किया गया। इस अवसर पर दुर्घटना के दौरान वीरगति को प्राप्त हुए एस एस ई रेल पथ आर एस मीणा तथा सहायक इंचार्ज सुखराम को रेलवे के अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने श्रद्धांजलि अर्पित की।

इस अवसर पर मंडल रेल प्रबंधक संजय विश्वास के साथ ही अपर मंडल रेल प्रबंधक दीपक कुमार गुप्ता, अमितोज बल्लभ, वरिष्ठ मंडल अभियंता समन्वयक जी पी सिंह, रामेंद्र पांडे अभिराम खरे, संजय मनेरिया, मनीष पटेल सहित अनेक अधिकारी एवं बड़ी संख्या में रेल कर्मचारी उपस्थित थे शोक सभा में श्री विश्वास ने उक्त दुर्घटना में शहीद हुए कर्मचारियों के प्रति शोक व्यक्त करते हुए कहा कि भविष्य में ऐसी दुर्घटना की पुनरावृत्ति रोकने हेतु रेलवे द्वारा समुचित कदम उठाए जा रहे हैं।

# OFK प्रबंधन का वादा कर्मचारियों को मिलेगी सुविधाएं

**कार्य समिति की पहली बैठक में अहम फैसले**

**जबलपुर यशभारत।** आयुध निर्माणी खमरिया मैं कार्यसमिति चुनाव संपन्न होने के बाद पहली मीटिंग अपर महाप्रबंधक बी बी सिंह के अध्यक्षता में आयोजित की गई। कार्य समिति सदस्यों ने कर्मचारियों से संबंधित कई मामले अध्यक्ष के समक्ष प्रस्तुत किया कुछ महत्वपूर्ण मुद्दों जैसे प्रत्येक कर्मचारियों को 2 वर्षों के अंतराल में मिलने वाला ग्लास का वितरण शीघ्र अति शीघ्र किया जावेगा।ओलंपिक ग्राउंड खमरिया में लगे हाई मास्क लाइट का सुधार होगा। मांग की गई किएन टाइप पी टाइप क्षेत्र में मोबाइल टावर लगवाया जाए। इस्टेट एरिया में रह रहे प्रत्येक कर्मचारी को समय पर बल्ब एवं ट्यूबलाइट आदि उपकरण उपलब्ध कराये जाए।साथ ही खराब पड़े स्ट्रीट लाइट का सुधार शीघ्र अति शीघ्र किया जावे। कर्मचारियों को आवास आवंटित करने से पहले वेलकम मेंटेनेंस कराया जाए।क्यू टाइप से घाना मार्ग पंचवटी से क्यू टाइप चौराहा तक का मार्ग ओलंपिक ग्राउंड पानी टंकी के पास से हनुमान मंदिर तिघरा तक का मार्ग एन टाइम से बर्दाघाट तक का मार्ग अविलंब सुधार आ जावे। कर्मचारियों के लिए मॉडल चेंज रूम का निर्माण अति शीघ्र कराने तथा फिलिंग स्थित कैंटीन को पूर्व के भांति चालू कराया जाए।जिस पर अध्यक्ष ने अपनी स्वीकृति देते हुए शीघ्र कार्य प्रारंभ करने का निर्देश दिया। सबसे बड़ी उपलब्धि यहां रही की कुछ दिनों बाद सी एस डी कैंटीन से प्रत्येक कर्मचारियों के लिए होम डिलीवरी प्रारंभ की जावेगी ।बैठक में अजीत सोरेन संजीव कुमार गौतम शर्मा रोहित प्रकाश सेठ संगम कुमार दिलखुश मीना आनंद कुमार प्रभात रंजन यादव निर्भय पटेल मौजूद थे ।

# निगमीकरण के 5 माह तीन बार बदलाव

**बापट होंगे व्हीएफजे के नये महाप्रबंधक**

**जबलपुर यशभारत।** 1 अक्टूबर को आयुध फैक्ट्रियों में बदलाव की बयार जारी है। शहर की चारों फैक्ट्रियों के महाप्रबंधक बदल दिये गए।लेकिन जीसीएफ खमरिया और जी आई एफ मे जहां एक बार जी एम बदले गए वहीं व्हीएफजे मे इन पांच माह में तीन बार बदलाव हो चुका है।खमरिया के तत्कालीन जी एम रविकांत एम आई एल के सीएमडी हो गए हैं।जीसीएफ के तत्कालीन जी एम वेपन इंडिया कानपुर के डायरेक्टर आपरेशन और जी एम जी आई एफ अजय सिंह लर्निंग इंस्टीट्यूट नागपुर के डायरेक्टर बनाए गए हैं।जबकि व्हीएफजे के तत्कालीन जीएम अतुल गुप्ता ट्रुप कंफर्ट इंडिया के डायरेक्टर हो गए हैं।उनके बाद राजेश कुमार को व्हीएफजे मे पदस्थ किया गया था।लेकिन उन्हें एवीएनएल के कारपोरेट आफिस रवाना कर दिया।उनकी जगह सुधाकर को व्हीएफजे का जी एम बनाया गया लेकिन कभी उन्होंने भाषा की आड़ तो कभी कुछ बहाना बनाकर व्हीएफजे आने से मना कर दिया।उनकी जगह इन पांच माह में तीसरे जी एम के रूप में पदस्थ किये गए हैं।यद्यपि उत्पादन सत्र का डे? माह शेष है इसमें वे उत्पादन लक्ष्य कितना पूरा करवा सकते हैं।नये जी एम को अभी तो एक माह निर्माणी की कार्यसंस्कृति समझने में निकल जायेगा।

# त्रिपुरी चौक स्थित खटवानी किआ (नवीन शो-रूम) का उद्घाटन एवं किआ कारेंस का लांच समारोह आज

**जबलपुर।** किआ इण्डिया लिमिटेड द्वारा निर्मित किआ कारों की बढ़ती हुई मांग एवं ग्राहक सेवाओं की आवश्यकताओं को देखते हुए खटवानी किआ का एक और नया शो-रूम आज किआ कारेंस के लाँच समारोह के साथ (खटवानी किआ त्रिपुरी चौक जबलपुर) में किआ इण्डिया के रीजनल हेड श्री मनही चो एवं रीजनल मैनेजर राहुल निकम के मुख्य अतिथ्य में उद्घाटित होने जा रहा है।यह शो-रूम शहर के बीचों बीच होने के साथ-साथ नये हाईटेक डिजाइन और इंफ्रास्ट्रक्चर से सुसज्जित है। यहाँ ग्राहकों के लिए स्पॉट फाईनेंस और स्पॉट एक्सचेंज सुविधा भी उपलब्ध है। इसकी गिनती मध्य प्रदेश के चुनिंदा कार शो-रूम में होना निश्चित है। किआ इण्डिया द्वारा भारत में 2 वर्ष से भी कम समय में 340000 कारों का विक्रय किया गया है एवं खटवानी सेल्स एण्ड सर्विसेस द्वारा इसी अवधी में 4000 से ज्यादा SELTOS और 1800 ज्यादा SONET कारों का विक्रय किया गया है।


## नाम परिवर्तन सूचना

सर्वासाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा नाम मोती साहू पिता श्री चुरामन साहू से विवाह पश्चात परिवर्तित होकर मोनिका साहू पति श्री लाल साहब साहू पता म नं 875 साई मंदिर के पीछ स्नेह नगर गेट नं 4 तह व जिला जबलपुर मप्र हो गया है। मुझे अब नये नाम से जाना व पहचाना जावेगा एवं समस्त दस्तावेजों में नया नाम अंकित किया जावेगा। इस आशय का शपथपत्र के साथ नाम परिवर्तित किया जा रहा है।

अधिवक्ता
सुनील कुमार गौतम
मो नं 9669222233


# छिवकी रेलखंड पर नॉन इंटरलॉकिंग कार्य के चलते पमरे से दो गाड़ियां रहेंगी प्रभावित



**जबलपुर यश भारत।** रेल प्रशासन द्वारा अधोसंरचना के कार्य को गति प्रदान करने के लिए प्रगति कर रहा है। इसी के अंतर्गत उत्तर मध्य रेलवे, प्रयागराज जंक्शन मण्डल के नैनी-प्रयागराज छिवकी रेल खण्ड पर तीसरी रेल लाइन को जोड़ने के लिए प्रयागराज छिवकी स्टेशन पर यार्ड रिमॉडलिंग के लिए नॉन इंटरलॉकिंग कार्य किये जाने के कारण कुछ गाड़ियों को निरस्त एवं कुछ को आंशिक निरस्त करने का निर्णय लिया गया है।जिसके अनुसार पश्चिम मध्य रेल से प्रारम्भ/टर्मिनेट गाड़ी संख्या 01665 रानी कमलापति-अगरतला साप्ताहिक एक्सप्रेस स्पेशल ट्रेन 24.02.2022 और वापसी में गाड़ी संख्या 01666 अगरतला-रानी कमलापति साप्ताहिक एक्सप्रेस स्पेशल ट्रेन 27.02.2022 को अपने प्रारंभिक स्टेशन से निरस्त रहेगी। इसी प्रकार पमरे से गुजरने वाली गाड़ी संख्या 11117 इटारसी-प्रयागराज छिवकी एक्सप्रेस प्रतिदिन 17.02.2022 से 28.02.2022 तक और वापसी में गाड़ी संख्या 11118 प्रयागराज छिवकी-इटारसी एक्सप्रेस 18.02.2022 से 28.02.2022 तक कटनी स्टेशन पर शॉर्ट टर्मिनेट/ओरिजिनेट होगी। अर्थात कटनी-प्रयाराज छिवकी-कटनी के मध्य आंशिक निरस्त रहेगी। इसके साथ ही रेक को बैलेंस करने के लिए गाड़ी संख्या 11118 प्रयागराज छिवकी-इटारसी एक्सप्रेस 01.03.2022 को प्रारंभिक स्टेशन से निरस्त रहेगी। रेल प्रसासन यात्रियों से अनुरोध किया है कि असुविधा से बचने के लिए रेलवे द्वारा अधिकृत रेलवे पूछताछ सेवा एनटीईएस/139 से गाड़ी की सही स्थिति की जानकारी प्राप्त करे।

## दयोदय एक्सप्रेस अजमेर की जगह जयपुर तक ही चलेगी

जबलपुर यश भारत। जबलपुर स्टेशन से कटनी, दमोह, सागर, गुना, कोटा से जयपुर होकर अजमेर जाने वाली दयोदय एक्सप्रेस गाड़ी न.12181आगामी 26 फरवरी को अजमेर की जगह जयपुर स्टेशन तक ही जाएगी। इस संबंध में मंडल वाणिज्य प्रबंधक सुनील कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि जयपुर स्टेशन के पास रेलवे ट्रैक का काम होने के कारण इस गाड़ी को 26 फरवरी को जबलपुर से चलने के बाद 27 फरवरी को अजमेर की जगह जयपुर स्टेशन पर ही समाप्त कर दिया जाएगा। इसी तरह वापसी में भी यह ट्रेन नंबर 12182 27 फरवरी को अजमेर के स्थान पर जयपुर से ही प्रारंभ होकर कोटा गुना सागर दमोह कटनी मार्ग से वापस जबलपुर आएगी। इस संबंध में रेलवे द्वारा यात्रियों को विभिन्न माध्यमों से भी जानकारी दी जा रही है।


## कार्यालय प्राचार्य, शासकीय चन्द्र विजय अग्रणी महाविद्यालय डिण्डौरी मध्यप्रदेश

### जैम पोर्टल पर ई-निविदा प्रकाशन की सूचना

प्राचार्य, शासकीय आदर्श महाविद्यालय डिण्डौरी मध्यप्रदेश के अनुरोध पर शासकीय आदर्श महाविद्यालय डिण्डौरी मध्यप्रदेश में विश्व बैंक से प्राप्त राशि से सामग्री क्रय करने के लिये शासन के निर्देशानुसार जैम पोर्टल पर ई-निविदाएँ जारी की गई हैं। ई-निविदाओं की जानकारी निम्न तालिका में दी जा रही हैं।

| S.N. | BID Number | Item | Start Date | End Date |
|---|---|---|---|---|
| 1. | GEM/2022/B/1920640 | General Classroom Furnishing (Dual Desk For Colleges) | 04 February 2022 | 28 February 2022 |
| 2. | GEM/2022/B/1923815 | Driniking Water Cooler-As Per IS 1475 | 04 February 2022 | 19 February 2022 |
| 3. | GEM/2022/B/1924466 | RO Filter Plant, Installation of R.O. Pipe (RO Plant with Plumbing Instalation) | 04 February 2022 | 19 February 2022 |
| 4. | GEM/2022/B/1931984 | CCTV Servilance System | 08 February 2022 | 23 February 2022 |

इच्छुक निविदाकर्ता जेम पोर्टल से निविदा विवरण प्राप्त कर संबंधित निविदा दिनांक एवं समय समाप्ति के पूर्व तक निविदा/आवेदन प्रस्तुत कर सकते हैं।

प्राचार्य
शासकीय आदर्श महाविद्यालय
डिण्डौरी मध्यप्रदेश

प्राचार्य
शासकीय चन्द्र विजय अग्रणी महाविद्यालय
डिण्डौरी मध्यप्रदेश

जी-22735/22

# कांग्रेस डिजिटल माध्यम से भी बनाएगी सदस्य

**भोपाल।** मध्य प्रदेश में कांग्रेस अब डिजिटल माध्यम से भी सदस्य बनाएगी। प्रत्येक मतदान केंद्र पर एक कार्यकर्ता को तैनात किया जाएगा, जो मोबाइल के माध्यम से सदस्य बना सकेगा। पार्टी द्वारा तैयार किए गए एप पर सदस्य का मोबाइल नंबर, फोटो, मतदाता परिचय पत्र और मतदान केंद्र क्रमांक दर्ज किया जाएगा। केंद्रीय संगठन से सदस्य को मोबाइल पर संदेश भेजकर पुष्टि की जाएगी कि जो जानकारी दी गई है, वो सही है या नहीं। यदि संबंधित व्यक्ति सहमति दे देता तो उसे दूसरा संदेश कांग्रेस का सदस्य बनने का प्राप्त होगा। इस व्यवस्था के लिए गुरुवार को प्रदेश कांग्रेस कार्यालय में बैठक भी होगी, जिसमें अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के डिजिटल मेंबरशिप के प्रभारी के. राजू पूरी जानकारी देंगे। प्रदेश में 31 मार्च तक सदस्यता अभियान चलना है। प्रदेश अध्यक्ष कमल नाथ ने 50 लाख सदस्य बनाने का लक्ष्य निर्धारित किया है। इसके लिए जिला संगठनों को सदस्यता शुल्क संबंधी रसीदें भी दी गई हैं। तय किया गया है कि डिजिटल माध्यम से भी सदस्य बनाए जाएंगे। पूरी प्रक्रिया पारदर्शी रहे, इसके लिए जिसे सदस्य बनाया जा रहा है, उसे एसएमएस भेजकर पुष्टि भी की जाएगी। इसके बाद सदस्य को पहचान पत्र भी जारी किया जाएगा। सदस्यता शुल्क (पांच रुपये) मतदान केंद्र पर तैनात होने वाले कार्यकर्ता एकत्र करके जिला कांग्रेस कमेटी में जमा कराएंगे। सदस्यता अभियान के प्रभारी प्रकाश जैन ने बताया कि अभी तक सिर्फ रसीद काटकर सदस्य बनाए जा रहे थे। नई व्यवस्था में मोबाइल एप के माध्यम से भी सदस्य बनाए जाएंगे।



### संगठन चुनाव पर होगी चर्चा

गुरुवार की बैठक में प्रदेश प्रभारी महासचिव मुकुल वासनिक, प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष कमल नाथ, चुनाव अधिकारी रामचंदर खुटिया सहित जिला अध्यक्ष हिस्सा लेंगे। इसमें जुलाई 2022 में प्रस्तावित संगठन चुनाव की तैयारियों को लेकर चर्चा होगी। चुनाव के लिए जिला और ब्लाक स्तर पर निर्वाचन अधिकारियों की नियुक्ति होगी। संगठन प्रभारी चंद्रप्रभाष शेखर ने बताया कि सदस्यता अभियान को लेकर भी बैठक में समीक्षा की जाएगी।



# स्टेशन पर यात्रियों से आटो चालक नहीं वसूल सकेंगे मनमाना किराया

**भोपाल।** भोपाल रेलवे स्टेशन पर उतरने वाले यात्रियों को शहर के विभिन्न हिस्सों में जाने के लिए निर्धारित दरों पर ही आटो मिलेंगे। आटो चालक अधिक किराया नहीं वसूल सकेंगे। स्टेशन प्रबंधन और यातायात पुलिस मिलकर नई व्यवस्था बना रही है। जिसमें स्टेशन के प्लेटफार्म-छह की तरफ एक बूथ होगा। यह यातायात पुलिस द्वारा संचालित किया जाएगा। इसकी शुरूआत मार्च के अंत तक हो जाएगी। इस बूथ पर शहर के सभी जिस्सों की दूरी और उस दिशा में आटो चलाने वाले चालकों का नाम होगा। साथ ही किराया भी तय होगा। ट्रेनों से स्टेशन पर उतरने वाले यात्री इस बूथ पर जाएंगे और निर्धारित किराया चुकाकर आटो की मांग करेंगे। पूर्व में यह सुविधा रानी कमलापति रेलवे स्टेशन पर थी, जो बंद हो चुकी है। बता दें कि भोपाल रेलवे स्टेशन पर 132 ट्रेनें ठहरती हैं। ये चौबीस घंटे में ठहरती हैं। इनमें से अभी 10 हजार से अधिक यात्री उतरते हैं। विवाह और छुट्टियों के सीजन में यह संख्या बढ़ जाती है। ये यात्री शहर के अलग-अलग हिस्सों और अन्य जिलों में आटो, टैक्सी व बसों के जरिए जाते हैं। आटो चालक मनमाना दाम मांगते हैं तो यात्री कम रुपये देने के लिए मनाते हैं। इसमें कई बार बात तो बन जाती है लेकिन कुछ मामलों में विवाद भी हो जाते हैं। इसे देखते हुए रेलवे ने नई व्यवस्था लागू करने की पहल की है। इसके लिए यातायात पुलिस की मदद ली जा रही है। पूरी योजना अभी बनकर तैयार नहीं हुई है, लेकिन काम चल रहा है। जल्द ही स्टेशन पर यातायात पुलिस का बूथ तैयार हो जाएगा। रेलवे के अधिकारियों का कहना है कि स्टेशन का विस्तार किया जा रहा है। यहां यात्रियों को अच्छी से अच्छी सुविधा और सेवा मिले, इसके प्रबंध किए जा रहे हैं।

### बूथ से मिलेंगी यह मदद

यात्री स्टेशन पर उतरेंगे। प्लेटफार्मछह की तरफ से बाहर निकलेंगे। सामने बूथ मिलेगा। उन्हें शहर के जिस हिस्से में जाना होगा, वहां के लिए बूथ पर जाकर आटो मांगेंगे। उसके किराया पूछेंगे, जो बताया जाएगा। इसके बाद यात्री की सहमति पर बूथ से आटो वाले को पुकारा जाएगा और उसे संबंधित यात्री को लेकर जाने के लिए कहा जाएगा। किराए के बारे में आटो चालक को बूथ से जानकारी दे दी जाएगी। जिन यात्रियों को रेलवे स्टेशन से आटो नहीं लेना होगा, वह भी बूथ से संबंधित इलाके तक पहुंचने के लिए किराए के बारे में पूछताछ कर सकेंगे।



# युवाओं को 25 लाख का कर्ज उपलब्ध कराएगी सरकार

**भोपाल।** निर्माण इकाई के लिए एक से 50 लाख तक के लोन की गारंटी सरकार लेगी। पांच प्रतिशत ब्याज सरकार भरेगी। युवा खुद का काम शुरू करें, सरकार सर्विस सेक्टर व रिटेल ट्रेड के लिए 25 लाख रुपए तक का लोन दिलाएगी। दीनदयाल रसोई का विस्तार करेंगे। प्रदेश में सबको अन्य से आवास तक मिले। - झोपड़ी में किसी को नहीं रहने दिया जाएगा। पक्के मकान बनाकर देंगे। सेना एवं पुलिस में भर्ती के लिए प्रशिक्षण की अलग से व्यवस्था करेंगे। उधर गुणवत्ता के स्कूल खोलने के लिए अनुसूचित जाति वर्ग की सामाजिक संस्थाओं को भूमि और आर्थिक सहयोग दिया जाएगा। शहरों में विकास प्राधिकरणों को कई बार प्लाटों के खरीदार नहीं मिलते हैं। ऐसे प्लाटों को तीन बार की कोशिश के बाद छोटे कर अजा वर्ग को दिए जाएंगे। प्रदेश में डा. भीमराव आंबेडकर आर्थिक कल्याण योजना शुरू होगी। कम लागत के उपकरण और कार्यशील पूंजी के लिए एक लाख रुपये तक का कर्ज देंगे। मुख्यमंत्री अनुसूचित जाति विशेष परियोजना शुरू होगी। इसके तहत अनुसूचित जाति के युवाओं को स्वरोजगार से जोड़ा जाएगा।

# एमपी बोर्ड 12वीं की परीक्षा जारी पहले दिन विद्यार्थियों में दिखा उत्साह



**भोपाल।** मध्य प्रदेश माध्यमिक शिक्षा मंडल (माशिम) की बोर्ड परीक्षा शुरू हो गई। पहले दिन 12वीं का अंग्रेजी विषय का पेपर हो रहा है। विद्यार्थियों को सुबह 8-30 बजे परीक्षा केंद्र पहुंचने का समय तय किया गया था। परीक्षा केंद्रों पर सुबह से ही बच्चों के पहुंचने का सिलसिला शुरू हो गया। दो साल बाद स्कूलों में एमपी बोर्ड की आफलाइन परीक्षाएं हो रही हैं। पहले दिन बच्चों में परीक्षाओं को लेकर काफी उत्साह नजर आ रहा है। परीक्षा केंद्रों पर कोरोना गाइडलाइन के मुताबिक समुचित इंतजाम किए गए हैं। सभी छात्रों को मास्क, सैनिटाइजेशन के बाद ही परीक्षा केंद्रों में प्रवेश दिया गया। इस बार 12वीं में कुल 7,14,932 और 10वीं में 10,66,791 परीक्षार्थी शामिल हो रहे हैं। परीक्षा केंद्राध्यक्ष परीक्षा शुरू होने के आधा घंटा पहले प्रश्न-पत्र थानों से निकाले गए। प्रश्न-पत्र कलेक्टर के प्रतिनिधि राजस्व निरीक्षकों की उपस्थिति में ही थानों से निकाले गए और केंद्रों तक पहुंचाए गए। इसके साथ ही परीक्षा केंद्र के बाहर एक लोहे की पेटी रखी गई। अगर कोई विद्यार्थी किताब, प्रश्न बैंक या कोई अनुचित सामग्री लाता है, तो वह पेटी में स्वेच्छा से डाल सकता है। परीक्षा में 20 छात्रों पर एक पर्यवेक्षक नियुक्त किया गया है। एक कक्ष में 20 से अधिक व 40 से कम छात्रों पर दो पर्यवेक्षक नियुक्त हैं। विद्यार्थियों की संख्या 40 से अधिक होने पर 15 परीक्षार्थियों पर एक पर्यवेक्षक रखा गया है। देवास में बोर्ड परीक्षा के लिए 101 केंद्र बनाए गए हैं, यहां करीब 21 हजार विद्यार्थी परीक्षा में शामिल हो रहे हैं।

### प्रदेश भर में 3,861 परीक्षा केंद्र बनाए गए

अधिकारियों से मिली जानकारी के अनुसार इस परीक्षा के लिए प्रदेश भर में 3,861 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं। राजधानी में 104 केंद्रों पर 10वीं में 31,538 व 12वीं में 24,762 परीक्षार्थी शामिल होंगे। परीक्षा के दौरान कोविड गाइडलाइन का पालन अनिवार्य किया गया है।

### कक्षा 10 वीं के पेपर शुक्रवार से आरंभ होंगे

अधिकारियों ने बताया कि कक्षा 10 वीं के पेपर शुक्रवार से आरंभ होंगे। इस बार 10वीं-12वीं परीक्षा के प्रश्न-पत्र का पैटर्न बदल दिया गया है। परीक्षा में 40 फीसद अंक के वस्तुनिष्ट, 40 फीसद अंक के सब्जेक्टिव और 20 फीसद अंक के तार्किक प्रश्न पूछे जाएंगे।

# प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों में 15 दिन के भीतर मिलने लगेंगी दवाइयां

**भोपाल।** प्रदेश में 1500 से अधिक प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों को आदर्श बनाया जा रहा है। इसमें छह से आठ माह का समय लगेगा। इसके पहले इन केंद्रों में दवाइयों की उपलब्ध बढ़ाने के निर्देश दिए गए हैं। 15 दिनों के भीतर इन केंद्रों पर 204 प्रकार की दवाईयां मरीजों को मिलने लगेंगी। अभी इनमें 90 से 100 प्रकार की दवाईयां ही मिलती हैं। ये प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पहले से चल रहे हैं, जिन्हें आदर्श बनाने की योजना है। इसका मतलब होगा कि ये चौबीस घंटे खुले रहेंगे। इनमें डाक्टर, नर्सेस और अन्य स्टाफ उपलब्ध होगा। अभी नौ तरह की जांचें की जा रही हैं, जिसे बढ़ाकर 45 तरह की जांचे की जाने लगेंगी। भवनों का निर्माण किया जाएगा, बाउंड्रीवाल बनाई जाएंगी। इनमें से 75 फीसद कामों में छह से आठ माह लगेंगे। उसके पहले 204 प्रकार की दवाईयां उपलब्ध कराने का लक्ष्य है। प्रदेश के इन 1500 प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों में 313 शहरी स्वास्थ्य केंद्र भी शामिल है। सभी में एमबीबीएस डाक्टर के एक पद स्वीकृत है। इनमें से 150 में इन डाक्टरों की कमी है। सभी में आयुष डाक्टर के पद भी स्वीकृत है। लेकिन ज्यादातर केंद्रों में इनके पद खाली है। जांचे कम हो रही है। इनमें से कई केंद्रों में दो से तीन स्टाफ ही है जिसके कारण कई बार इन्हें रात में बंद करना पड़ता है। जब केंद्र बंद रहते हैं, तभी कोई मरीज आ गया या प्रसूताएं आ गईं तो मुश्किलें बढ़ जाती हैं। इन तमाम मुश्किलों को देखते हुए मप्र सरकार ने इन स्वास्थ्य केंद्रों को आदर्श स्वास्थ्य केंद्र में बदलने का निर्णय लिया है। स्वास्थ्य विभाग ने इस काम की जिम्मेदारी राष्टीय स्वास्थ्य मिशन मप्र इकाई के संचालक डा पंकज शुक्ला को दी है। वह बीते हफ्ते भोपाल के फंदा गए थे वहां भी एक ग्रामीण प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र है। जिसकी हालत ठीक नहीं पाई गई। उसमें कई तरह के सुधारों की जरूरत महसूस हुई हैं। ये सभी काम कराए जाने के निर्देश दे दिए हैं। जिले में दो अधिकारियों को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों को आदर्श बनाने के काम की जिम्मेदारी दी है। इसी तरह प्रदेश के सभी जिलों में अधिकारियों को निर्देश हैं कि वह अपने-अपने जिलों में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों का परीक्षण करें और उनमें बताई गई सेवाओं को शुरू कराएं। सबसे पहले 204 प्रकार की दवाइयों का स्टाक उपलब्धकरायाजा रहाहै।



### इन कामों के लिए लगेगा समय

कई प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र वर्षों पुराने भवनों में संचालित हो रहे हैं। उनकी छतों व दीवारों से बारिश का पानी लीकेज होता है। कुछ केंद्रों पर पीने के पानी का इंतजाम और बाउंड्रीवाल नहीं है। भवनों की मरम्मत और बाउंड्रीवाल बनाने के काम में छह से आठ माह का समय लगेगा। कुछ स्थानों पर ये काम चालू करा दिए गए हैं। इन केंद्रों पर न्यूनतम 10 और अधिकतम 15 कर्मचारियों का अमला तैनात किया जाएगा। इस काम में भी समय लगेगा, क्योंकि पहले से स्वास्थ्य विभाग अमले की कमी से जूझ रहा है। ये काम जल्द पूरे होंगे दवाइयों के अलावा जरूरी उपकरण जल्द उपलब्ध कराए जाएंगे। इनकी खरीदी के टेंडर कर दिए गए हैं। कुछ के टेंडर करने के लिए प्रक्रिया शुरू कर दी गई है।

# संत रविदास के नाम पर होगा ग्लोबल स्किल पार्क

## संत रविदास जन्मदिवस कार्यक्रम में वर्चुअल शामिल हुए मुख्यमंत्री शिवराजसिंह चौहान



**भोपाल।** राजधानी के नरेला शंकरी क्षेत्र में आकार ले रहा विश्वस्तरीय ग्लोबल स्किल पार्क संत रविदास महाराज के नाम पर होगा। यह घोषणा मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने बुधवार को की। वे संत रविदास मंदिर बरखेड़ा पठानी में आयोजित संत के जन्म दिवस समारोह को वर्चुअल संबोधित कर रहे थे। चौहान ने कहा कि संत रविदास स्वरोजगार योजना भी शुरू की जाएगी। जिसका संचालन अनुसूचित जाति वित्त विकास निगम करेगा। मुख्यमंत्री ने बरखेड़ा पठानी स्थित संत के मंदिर के जीर्णोद्धार को लेकर कहा कि समाज के साथ मिलकर निर्णय लेंगे। ज्ञात हो कि सरकार के साथ भाजपा ने भी जिला एवं ग्राम पंचायत स्तर पर संत का जन्म दिवस मनाया है। कार्यक्रम में वर्चुअल शामिल होते हुए मुख्यमंत्री ने क्षमा मांगी। उन्होंने कहा कि मैं कोरोना से पीड़ित हूं। दूसरी कोई बीमारी होती तो मैं नहीं रुकता। ये कार्यक्रम राजनीतिक कर्मकांड नहीं है। श्रद्धा का विषय है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भी संत को याद किया और उनके भजन गाए हैं। उन्होंने कहा कि %ऐसा चाहूं राज्य मैं मिले सभै को अन्न ये हमारा आदर्श वाक्य है। सरकारी सेवा में बैकलाग के पद भरे जा रहे हैं। राज्य स्तरीय कार्यक्रम में शामिल संत रविदास के अनुयायी संतों ने सरकार के इस प्रयास की सराहना की। कार्यक्रम को स्वास्थ्य मंत्री प्रभुराम चौधरी, जनजातीय कार्य विभाग की मंत्री मीना सिंह, भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष लाल सिंह आर्य, विधायक कृष्णा गौर सहित अन्य नेता ने संबोधित किया।

# इंटरनेट मीडिया पर वायरल हो रहा 12 वीं का पर्चा निकला फर्जी




**ग्वालियर।** माध्यमिक शिक्षा मंडल (माशिमं) की बोर्ड परीक्षा की शुरूआत आज 12वीं कक्षा के अंग्रेजी के पेपर से हुई। परीक्षार्थियों की बैठक व्यवस्था और जांच अच्छे से हो पाए, इसलिए सभी को एक घंटे पहले बुलाया गया। परीक्षा के लिए जिलेभर में 95 केंद्र बनाए गए थे। इनमें से 41 संवेदनशील और 6 अति संवेदनशील केंद्र हैं। सभी केंद्रों पर परीक्षार्थियों की एंट्री कोविड दिशा-निर्देशों का पालन करते हुए कराई गई। इसमें पहले थर्मल स्क्रीनिंग कर परीक्षार्थियों के शरीर का तापमान नापा गया। उसके बाद उन्हें मास्क पहनने की हिदायत के साथ केंद्र में प्रवेश दिया गया। केंद्रों पर कोविड लक्षणों वाले या कोविड पाजिटिव परीक्षार्थियों के लिए आइसोलेशन रूम का भी इंतजाम किया गया था। रात में इंटरनेट मीडिया पर रात में अंग्रेजी का पर्चा वायरल हो गया था। लेकिन जांच के बाद यह पर्चा फर्जी निकला। इस परीक्षा के दौरान सीसीटीवी कैमरों से परीक्षार्थियों पर नजर रखी गई। परीक्षा में नकल रोकने के लिए कुल 16 उड़नदस्ते तैयार किए गए हैं। इनमें आठ उड़नदस्ते जिला प्रशासन की ओर से और आठ उड़नदस्ते स्कूल शिक्षा विभाग की ओर से तैयार किए गए हैं। इन उड़नदस्तों से संवेदनशील और अतिसंवेदनशील केंद्रों पर विशेष निगरानी रखी। प्रत्येक परीक्षा केंद्र के बाहर पुलिसकर्मी भी ड्यूटी पर तैनात थे। इस दौरान केंद्रों के आसपास खड़े संदिग्ध लोगों को वहां से हट जाने के लिए भी कहा गया। बोर्ड परीक्षा के दौरान निजी स्कूल और कोचिंग संचालक अपना रिकार्ड बेहतर करने के लिए परीक्षार्थियों को नकल कराने के प्रयास करते हैं। ऐसे में इन संचालकों को हिदायत दी गई है कि वे केंद्रों से दूर रहें। यदि कोई भी निजी स्कूल या कोचिंग संचालक परीक्षा केंद्रों के पास नकल के इरादे से नजर आता है, तो उसके खिलाफ भारतीय दंड संहिता 1973 के तहत कार्यवाही की जाएगी। इस आशय की सूचना सभी परीक्षा केंद्रों पर बैनर लगाकर भी चस्पा की गई है। व्हाट्सएप पर वायरल हुआ पर्चा, निकला- परीक्षा से पहले रात में व्हाट्सएप पर प्रश्नपत्र वायरल हो गया। हालांकि इस प्रश्नपत्र असली है या फर्जी, इस बारे में प्रशासन के लोग कुछ नहीं बोल रहे हैं। हालांकि बाद में पता चला कि पर्चा फर्जी था और छात्रों को बरगलाने वायरल किया गया था।





# RSSB की समाज सेवा की पहल सराहनीय

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने ट्वीट कर कहा कि आज से पहले राधा स्वामी सत्संग व्यास के बाबा गुरिंदर सिंह ढिल्लों जी से मिलने का सत्कार प्राप्त हुआ। ऋस्स्क्ककी समाज सेवा की पहल सराहनीय है। जबकि गृहमंत्री mit Shah @AmitShah.yh ने राधा स्वामी सत्संग ब्यास में डेरा प्रमुख बाबा गुरिंदर सिंह ढिल्लों जी से भेंट की। और ट्वीट में कहा किराधा स्वामी सत्संग व्यास द्वारा दशकों से निरंतर समाज में आध्यात्मिक चेतना जागृत कर मानवता व समाज सेवा के जो कार्य किये जा रहे हैं वह अपने आप में अद्भुत और प्रेरणीय हैं।

# आयल कूलर के परफार्मेंस परीक्षण हेतु टेस्टिंग सेटअप विकसित

**भोपाल।** भेल भोपाल के एचसीएम विभाग की ओर से ट्रांसफार्मर डबल ट्यूब सेफ्टी हीट एक्सचेंजर आयल कूलर के परफार्मेंस का परीक्षण करने के लिए एक टेस्टिंग सेटअप को सफलतापूर्वक विकसित किया। यह टेस्टिंग सेटअप ट्रांसफार्मर आयल कूलर ट्रांसफार्मर आयल को ठंडा करने और उसके एफिशिएंट वर्किंग के लिए बहुत ही आवश्यक है। इससे पहले इन डबल ट्यूब कूलर का मात्र मैकेनिकल प्रेशर टेस्ट ही होता था। अब इस टेस्टिंग सेटअप के विकसित होने के बाद इन ट्रांसफार्मर आयल की कूलिंग परफार्मेंस भी डिलीवरी से पहले टेस्ट की जास सकती है। कूलर की परफारमेंस टेस्टिंग पहली बार एक्चुअल साइट वर्किंग कंडीशन में किया गया है। एचसीएम विभाग की टीम ने इस प्रोजेक्ट के लिए पेटेंट भी अप्लाई किया है। बता दें कि एचसीएम विभाग की टीम कई वर्षों से क्वालिटी और उत्पादकता को बढ़ाने के लिए प्रोसेस इंप्रूवमेंट एवं इनोवेशन के प्रोजेक्ट करती आ रही है, जो कि सफलतापूर्वक संचालित भी हो रहे हैं। इस प्रोजेक्ट के माध्यम से जीरो डिफेक्ट, कस्टमर की पूर्ण संतुष्टि, री वर्क कास्ट में कमी के साथ ही भेल को फाइनेंसियल सेविंग की हुई है। इस परीक्षण के दौरान एचसीएम विभागाध्यक्ष आरबीपाटिल, विभाग के अपर महाप्रबंधक एसएस मडावी टीम में संकल्प सक्सेना, शिवेंद्र राय सहित अन्य लोग मौजूद रहे। गौरतलब है कि इसके अलावा भेल ने हाल ही में भेल भोपाल के स्विचगियर इंजीनियरिंग विभाग ने पहली बार 33 केवी गैस इंसुलटेड स्विचगियर (जीआइएस) के लिए स्वदेशी रूप से एक काम्पैक्ट और कम लागत के बस पोटेंशियल ट्रांसफार्मर माड्यूल को डिजाइन और विकसित किया है। इस माड्यूल के उपयोग से जीआइएस स्विचबोर्ड में किसी अलग पीटी पैनल की आवश्यकता नहीं होगी। पुरानी डिजाइन में एक अलग पीटी पैनल प्रदान किया गया था। जिसकी लागत, आकार और वजन नियमित फीडर पैनल के बराबर था। यह टाप माउंटेड बस पीटी माड्यूल किसी भी भारतीय जीआइएस मैनुफेक्चर द्वारा पहली बार स्वदेशी रूप से विकसित किया गया है। नया पीटी माड्यूल सफलतापूर्वक विकसित करके एक साइट गुरुग्राम, हरियाणा में स्थापित और कमीशन किया गया है।

# जिस कालेज से मोबाइल चोरी किए, वहां फिर ताला तोड़ने जा रहे थे, तीन धरे गए

**भोपाल।** राजधानी के गांधी नगर थाना इलाके में एक कालेज में 14-15 फरवरी की रात को पाप सिंगर बादशाह का कार्यक्रम हुआ था। इसमें शामिल तीन लोगों के महंगे मोबाइल फोन अज्ञात लोगों ने चोरी कर लिए थे। 15-16 फरवरी की रात कालेज में चोरी करने के इरादे से इकट्ठे हुए तीन युवक पुलिस के हत्थे चढ़ गए। तलाशी में उनके पास एक पहले चोरी किए फोन भी बरामद हो गए। गांधी नगर थाना प्रभारी अरुण शर्मा के के मुताबिक वैलेंटाइन डे के उपलक्ष्य में आरकेडीएफ कालेज में मशहूर रैप सिंगर बादशाह का कार्यक्रम आयोजित किया गया था। उस दौरान मुरली नगर निशातपुरा निवासी शोएब खान (19), एयरपोर्ट रोड कोहेफिजा निवासी कुनाल सेफकानी (21) इंद्रपुरी निवासी मानिक लाल (51) के मोबाइल चोरी चले गए थे। मानिक लाल ने इसकी



रिपोर्ट दर्ज कराई है। मानिक लाल सीहोर के विश्वविद्यालय में नौकरी करते हैं। 15-16 फरवरी की दरमियानी रात मुखबिर से सूचना मिली कि कुछ संदिग्ध युवक आरकेडीएफ कालेज के पास अपराध की नीयत से इकट्ठे हुए हैं। सूचना की तस्दीक करने के बाद पुलिस द्वारा घेराबंदी कर तीन युवकों को हिरासत में ले लिया गया। तलाशी में उनके पास से ताला तोड़ने के औजार बरामद किए गए। आरोपितों की पहचान हरिओम बस्ती, गांधीनगर निवासी नवलजी चौहान (22), सेक्टर नंबर- तीन, गांधीनगर निवासी रोहित पारदी (19) एवं बाड़ी, जिला रायसेन निवासी सूरज उर्फ सुरेश पारदी (20) के रूप में हुई। उनकी निशानदेही पर चोरी गए तीनों मोबाइल फोन भी बरामद कर लिए गए हैं। पुलिस उनसे पूछताछ कर रही है। पुलिस के मुताबिक उनसे पूछताछ में चोरी के कुछ अन्य मामलों का भी खुलासा हो सकता है।

# कलेक्टर रोहित सिंह ने सुनी लोगों की समस्यायें





## जनसुनवाई में आये 89 आवेदन

**नरसिंहपुर यभाप्र।** कलेक्टर कार्यालय नरसिंहपुर के जनसुनवाई हाल में मंगलवार 15 फरवरी को जनसुनवाई में पहुंचे लोगों की समस्याओं को कलेक्टर रोहित सिंह ने ध्यानपूर्वक सुना और निराकरण के लिए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिये। विभिन्न आवेदनों का मौके पर ही निराकरण भी किया गया। जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ. सौरभ संजय सोनवणे, अपर कलेक्टर दीपक कुमार वैद्य एवं एसडीएम राजेश शाह ने भी लोगों की समस्यायें सुनी और आवेदन लिये। कलेक्ट्रेट में हुई जनसुनवाई में 89 आवेदन आये।

### कलेक्टर ने मौके पर सौंपी दिव्यांग राजकुमार को ट्रायसिकल

जिले के ग्राम नन्हेगांव के दिव्यांग राजकुमार झारिया पिता रामचरण झारिया मंगलवार को कलेक्ट्रेट नरसिंह भवन में जनसुनवाई में पहुंचे। उन्होंने कलेक्टर रोहित सिंह को आवेदन दिया और बताया कि वे दाहिने पैर एवं हाथ से दिव्यांग हैं और उन्हें चलने व दैनिक कार्य करने में बहुत परेशानी होती है, उन्हें ट्रायसिकल की जरूरत है। इस पर कलेक्टर श्री सिंह ने उक्त दिव्यांग को ट्रायसिकल प्रदान करने के निर्देश उप संचालक सामाजिक न्याय एवं निरूशक्तजन कल्याण को दिये। जनसुनवाई में कलेक्टर ने मौके पर ही दिव्यांग राजकुमार झारिया को ट्रायसिकल प्रदान की। इस पर श्री झारिया ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए आभार जताया। उन्होंने जिला प्रशासन और मप्र सरकार को धन्यवाद दिया। जनसुनवाई में अन्य आवेदकों ने भी आवेदन देकर अपनी-अपनी समस्यायें बताई, जिस पर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक कार्रवाई करने के लिए निर्देशित किया गया।

# विद्युत कार्यालय के टूटे ताले

**तेंदूखेड़ा यभाप्र।** इन दिनों तेंदूखेड़ा क्षेत्र में चोरी की घटनाएं कम होने का नाम ही नहीं ले पा रही है।आये दिन घटित घटनाओं की जानकारी भी नहीं लग पा रही है। इससे लोगों में असुरक्षा की भावना उपजने लगी है। हमारे प्रतिनिधि को मिली जानकारी के अनुसार नगर के वार्ड क्रमांक आठ के अंतर्गत स्थित विद्युत विभाग के कार्यालय में बीती रात अज्ञात चोर कार्यालय के गेट का कुंदा काटकर भीतर घुस कर अलमारियों में रखे कागजातों के साथ छेड़खानी करने के साथ भीतर रखी टार्चें उठाकर ले गए।

अंदाजा लगाया जा रहा है कि चोर पैसा रखे होने की लालच में यहां पर घुसे हुए थे। सुबह जब विद्युत कर्मियों ने जाकर देखा तो तत्काल अधिकारियों को सूचना दी गई वहीं पुलिस थाने में सूचना दी गई। गौरतलब रहे कि इन दिनों तेंदूखेड़ा क्षेत्र में जुआ-सट्टा चरम सीमा पर जारी है। जिस कारण से उठाई गिरी और राशि छीनने की घटनाएं भी लगातार पैर पसारती चली जा रही है।

# आबकारी विभाग की अवैध शराब के विरुद्ध बड़ी कार्यवाही







**नरसिंहपुर यभाप्र।** कलेक्टर रोहित सिंह जिला नरसिंहपुर के निर्देशन में, जिला आबकारी अधिकारी श्रीमति अम्रता जैन के मार्गदर्शन में एवं सहायक जिला आबकारी अधिकारी डी.सी. चतुर्वेदी के नेतृत्व में जिले में अवैध मदिरा के संग्रहण, परिवहन एवं विक्रय के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत वृत गाडरवारा अंतर्गत ग्राम कौड़िया, ग्राम आमगाँव एवं कामती में दबिश की कार्यवाही की गई। जिसमें लगभग 33 पाव गोआ विहस्की, 37 पाव देशी मदिरा प्लेन एवं 115 पाव देशी मदिरा मसाला बरामद किया। मप्र आबकारी अधिनियम 1915 की धारा 34/1 (क) के तहत कुल 4 प्रकरण पंजीबद्ध किये गए। इसी तरह वृत करेली के ग्राम जोहरिया में दबिश की कार्यवाही में 375 किलो ग्राम महुआ लाहन तथा 11 लीटर हाथ भट्टी मदिरा बरामद कर 2 प्रकरण पंजीबद्ध किये गये जब्त सामग्री का अनुमानित मूल्य लगभग 40140 रुपये है। जब्त मदिरा को कब्जे आबकारी लिया गया तथा महुआ लाहन का सैंपल लेकर मौके पर नष्ट करना पड़ा। कार्यवाही के दौरान आरोपियों को मौके पर ही गिरफ्तार कर जमानत मुचलके पर रिहा किया गया। कार्यवाही के दौरान आबकारी उपनिरीक्षक सतीश कुमार,आबकारी मुख्य आरक्षक राकेश बोहर, आबकारी आरक्षक लालजी चौधरी, नवल सिंह ठाकुर, उपस्थित रहे।

# पुलवामा हमले में हुए शहीदों को दी श्रद्धांजलि



**गाडरवारा यभाप्र।** गत दिवस समीपी ग्राम बगदरा की शासकीय प्राथमिक शाला में शिक्षकों एवं छात्र छात्राओं ने पुलवामा हमले में शहीद भारतीय सैनिकों को मोमबत्ती जलाकर श्रद्धांजलि अर्पित की । इस मौके पर संस्था के प्रधानपाठक राकेश अग्रवाल, प्रकाश नामदेव, अंजुलता नेमा, नीता अग्रवाल आदि उपस्थित रहे।

# नही रहे मुन्ना लाल दीक्षित

**नरसिंहपुर यभाप्र।** गत दिवस धमना निवासी पं. मुन्नालाल दीक्षित का



आकास्मिक निधन हो गया । जिनकी अंत्येष्ठि ग्राम धमना में की गई। जहां पर समाज से सभी वर्गो द्वारा श्रद्धांजलि दी गई। आप पुरूषोत्तम दीक्षित, लोचन दीक्षित, राम सेवक दीक्षित के छोटे भाई एवं श्रीराम दीक्षित, धेनु सेवक दीक्षित के बड़े भाई व विनय दीक्षित के पिता व पियूष दीक्षित के चाचा थे।

# जीवन के यज्ञ कुंड में अपनी प्रसन्नता की आहुति दें- दीपिका

**गाडरवारा यभाप्र।** ग्राम कोठिया में जारी श्री राम महायज्ञ के अंतर्गत श्री राम कथा में गत दिवस कथा प्रवक्ता सुश्री दीपिका जी ने कहा की मुस्कान को शास्त्रों में कहीं-कहीं हवन बताया है। हवन में शुभ सामग्रियों की आहुतियां दी जाती हैं और उससे जो धूनी निकलती हैं, उसकी पवित्रता से सारा वातावरण शुद्ध हो जाता है। हंसी को, मुस्कान को हवन इसीलिए कहा गया है कि जीवन के यज्ञकुंड में अपनी प्रसन्नता की आहुति दीजिए और आसपास के वातावरण को पॉजिटिव करिए। क्योंकि संघर्ष के दौर में तनावए उदासी व चिड़चिड़ापन नुकसान पहुंचाएगा। उन्होंने कहा कि श्रीराम-रावण युद्ध में हनुमान जी के नेतृत्व में वानर रावण का यज्ञ ध्वस्त



कर चुके थे। रावण फिर से युद्ध मैदान में पहुंच गया। तब देवताओं ने रामजी से कहा, इस दुष्ट को मार दीजिए। इस दृश्य पर तुलसीदासजी ने लिखा देव बचन सुनि प्रभु मुसुकाना। उठि रघुबीर सुधारे बाना। देवताओं की बात सुन श्रीराम मुस्कुरा, और फिर अपने बाण तैयार किए। एक तरफयुद्ध खड़ा है, हिंसा हो रही है, दूसरी ओर रामजी मुस्कुरा रहे हैं। राम संदेश देना चाहते हैं कि रावण से युद्ध करते हुए मैं किसी प्रकार के तनांव और दबाव में नहीं हूं। बड़े काम, आंतरिक प्रसन्नता के साथ किए जाने चाहिए और मुस्कान उसका झोंका है। उन्होंने कहा की रावण नई-नई शक्लों में इन दिनों हमारे आसपास है। आप कितने ही परेशान हो, प्रसन्नता मत छोड़िएगा। उस प्रसन्नता को प्रेरणा देने के लिए मुस्कान है। हर विपरीत समय में भी मुस्कुराते रहिएण्ण। विदित हों की 16 फरवरी को पूर्णिमा पर भंडारे व पुर्णाहुति के साथ यज्ञ का समापन होगा ।

# विधिक साक्षरता शिविर संपन्न

**गाडरवारा यभाप्र।** गत दिवस बी टी आई स्कूल में वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया जिसमें जिला न्यायाधीश-सचिव संजय गुप्ता जिला विधिक सेवा प्राधिकरण नरसिंहपुर एवं विधिक सहायता अधिकारी राजेन्द्र सक्सेना द्वारा उपस्थित बच्चों को सोशल डिस्टेंडिंग एवं मास्क तथा सेनेटाईजर की उपयोगिता तथा सावधानियों के वारे में जानकारी दी। उन्होंने यातायात नियमों के पालन मौलिक अधिकार, मौलिक कर्तव्यों, तथा लीगल एड क्लीनिक, विधिक सलाह सहायता योजनाओं की जानकारियां दी तथा बच्चों एवं शिक्षकों से संवाद किया। इस अवसर पर संस्था



प्राचार्य जय मोहन शर्मा, अनुज जैन, पी टी आई, एवं तहसील विधिक सेवा समिती गाडरवारा से शेख रहीम ने भी छात्रों का मार्गदर्शन किया।

# आबकारी विभाग नरसिंहपुर ने पकड़ी काफी मात्रा में अवैध शराब



## 1125 किग्रा महुआ लाहन, 14 लीटर हाथ भट्टी मदिरा व 123 पाव अवैध शराब बरामद

**नरसिंहपुर यभाप्र।** कलेक्टर रोहित सिंह के निर्देशों के परिपालन में जिले में अवैध मदिरा के संग्रहण, परिवहन व विक्रय के विरूद्ध अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान के तहत सोमवार को वृत्त नरसिंहपुर के हजरत गंज, ग्राम खमरिया, ग्राम डोंगरगांव, ग्राम खमतरा एवं ग्राम उमरिया में आबकारी विभाग की टीम द्वारा दबिश देकर 1125 किलोग्राम महुआ लाहन शराब बनाने का कच्चा माल, 14 लीटर हाथ भट्टी मदिरा व 123 पाव अवैध शराब बरामद की गई। इसमें से हजरत गंज में मुन्नी बाई के रहवासी मकान से 12 पाव देशी मसाला व 6 पाव देशी प्लेन मदिरा, ग्राम खमरिया में खुमान धानक से 18 पाव गोवा व्हिस्की, ग्राम डोंगरगांव में नन्हेवीर पाल के पास से 17 पाव गोवा रम, ग्राम खमतरा में 1125 किलोग्राम महुआ लाहन व 14 लीटर हाथ भट्टी कच्ची शराब, उमरिया में 21 पाव गोवा व्हिस्की, 36 पाव देशी मदिरा प्लेन व 13 पाव देशी मदिरा मसाला अवैध शराब की जब्ती की गई। जब्त की गई सामग्री एवं मदिरा का अनुमानित मूल्य 70 हजार 260 रूपये है। महुआ लाहन का सेंपल लेकर मौके पर विनष्टीकरण की कार्यवाही की गई। अभियान के दौरान अवैध मदिरा से संबंधित 8 प्रकरण दर्ज किये गये। ये प्रकरण मप्र आबकारी अधिनियम 1915 के प्रावधानों के तहत दर्ज किये गये। उक्त कार्यवाही के दौरान आरोपियों को मौके पर ही गिरफ्तार कर जमानत-मुचलके पर रिहा किया गया। अभियान जिला आबकारी अधिकारी श्रीमती अम्रता जैन व सहायक जिला आबकारी अधिकारी डीसी चतुर्वेदी के मार्गदर्शन में चलाया जा रहा है। दबिश की कार्रवाई के दौरान आबकारी उप निरीक्षक संजीव जैन, मुख्य आरक्षक व आरक्षकगण की टीम मौजूद थी।

# बनवारी में उत्कृष्ट कार्य करने वाले शिक्षक हुए सम्मानित

**गाडरवारा यभाप्र।** गत दिवस साईखेड़ा ब्लॉक अंतर्गत ग्राम बनवारी की एकीकृत शासकीय माध्यमिक शाला में आयोजित मात पिता पूजन कार्यक्रम में शिक्षा क्षेत्र में लगातार उत्कृष्ट कार्य करने वाले शिक्षकों को अतिथियों पूर्व विधायक



दीनदयाल ढिमोले, साहित्यकार कुशलेन्द्र श्रीवास्तव, प्राचार्य राजेश बरसैयां, प्रभारी बीआरसी संदीप स्थापक, वरिष्ठ नागरिक सत्यनारायण चौकसे ने ट्रॉफी एवं प्रशस्ति पत्र देकर शिक्षा चेतना अवार्ड से सम्मानित किया। सम्मानित हुए शिक्षकों में प्राचार्य राजेश बरसैयां, के.के. राजोरिया, शिक्षक सिराज अहमद सिद्दिकी, शेख जाफर खान, प्रीतम रूसिया, शिवदयाल साहू, योगेन्द्र सिलावट, पवन राजौरिया, ब्रजेश श्रीवास, देवेंद्र दिवाकर, माया चौरसिया, बंशीलाल अहिरवार आदि शामिल है। विदित हो की कार्यक्रम में अतिथियों सहित शिक्षा चेतना प्रमुख हल्केवीर पटैल एवं ब्लॉक संवाहक भानु राजपूत ने मंच से शिक्षा चेतना द्वारा जिले में हो रहे उल्लेखनीय कार्यों की मुक्त कंठ से सराहना की थी। सम्मानित शिक्षकों को जिले के साथी शिक्षकों ने शुभकामनाएं दी है।

# कमिश्नर ने की वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से समीक्षा

**नरसिंहपुर यभाप्र।** कमिश्नर जबलपुर बी. चंद्रशेखर द्वारा मंगलवार को वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से कोविड 19 अनुकूल व्यवहार सुनिश्चित करने, मनरेगा के कार्यों, 15 से 17 वर्ष के बच्चों को कोविड टीकाकरण, बच्चों के रूटीन टीकाकरण अभियान, स्वामित्व योजना की प्रगति, जल जीवन मिशन के कार्यों, धान उपार्जन, नगरीय क्षेत्रों में स्वच्छता अभियान की प्रगति, शालाओं के माध्यम से विद्यार्थियों के जाति प्रमाण पत्र बनाने के अभियान, शालाओं एवं आंगनबाड़ियों में विद्युत कनेक्शन स्थापित करने की समीक्षा की गई।

# आयुष विभाग द्वारा 172 बच्चों को नि:शुल्क स्वर्ण प्राशन

**नरसिंहपुर यभाप्र।** आयुष विभाग द्वारा जिले के दो आयुष ग्रामों कठौतिया एवं झामर में गत दिवस पुष्य नक्षत्र पर 16 वर्ष तक के 172 बच्चों को स्वर्ण प्राशन का नि: शुल्क सेवन कराया गया। साथ ही बच्चे के स्वास्थ्य की प्रगति संबंधी एक रिपोर्ट कार्ड भी बनाया गया, जिसमें उसके शारीरिक विकास को प्रत्येक माह दर्ज किया जायेगा। जिला आयुष अधिकारी ने बताया कि स्वर्ण प्राशन बच्चों के संपूर्ण शारीरिक व बौद्धिक विकास, एकाग्रता को बढ़ाने में सहायक है। साथ ही बच्चों को बार-बार होने वाले संक्रमण सर्दी, बुखार से सुरक्षित रखता है। यह बच्चों की पाचन क्रिया को भी ठीक रखता है, जिससे पेट संबंधी रोग नहीं होते। स्वर्ण प्राशन बच्चों के सर्वांगीण विकास में सहायक है। यह शुद्ध स्वर्ण के साथ गाय के घी, शहद, ब्राह्मी, बचा, शंखपुष्पी जैसी औषधियों से निर्मित होता है। बच्चे को 6 माह में स्वर्ण प्राशन की 6 खुराक अनिवार्य रूप से पिलाना विशेष लाभदायक होता है।

# भाजपा युवा मोर्चा ने आयोजित किया युवा संवाद व निकाली आभार यात्रा अनेक स्थानों पर हुआ स्वागत

**गाडरवारा ( यश भारत )।**भारतीय जनता पार्टी युवा मोर्चा गाडरवारा में स्थानीय कॉलेज आडिटोरियम में क्षेत्रीय सांसद राव उदयप्रताप सिंह ने कार्यकर्ताओं को सम्बोधित किया और कहा कि विश्व का सबसे बड़ा दल भारतीय जनता पार्टी है इस पार्टी में बूथ स्तर तक सीधा संवाद प्रदेश वा केंद्रीय नेतृत्व करता है एवं जो कार्यकर्ता जितनी मेहनत से कार्य करता है उसे पार्टी कभी न कभी अवसर जरूर प्रदान करती है वर्तमान में जो टीम युवा मोर्चा की टीम गठित हुई है वह वाकई में काबिल और शिक्षित टीम है कार्यक्रम का




संचालन अनुराग कौरव व आभार आशीष राजपूत द्वारा किया गया तदोपरांत नवनियुक्त मण्डल अध्यक्ष आशीष राजपूत के नेतृत्व मे युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष प्रियांक जैन की मौजूदगी में आभार यात्रा निकाली गई जिसमे समस्त नवनियुक्त युवा मोर्चा जिला पदाधिकारी व अन्य प्रकोष्ठों के नवनियुक्त पदाधिकारियों का स्वागत अनेक स्थानों पर यात्रा मार्ग में किया गया उक्त अवसर पर भाजपा युवा कार्यकर्ता बडी संख्या में मौजूद रहे यह यात्रा कॉलेज राठी तिराहे से निकलकर पलोटन गंज,पानी टँकी,शक्ति चौक श्याम टाकीज शिवालय चौक झंडाचौक होते हुए पुरानी गल्ला मंडी पहुची जहाँ पर यात्रा का समापन किया गया।

# सघन पोषण पखवाड़ा का आयोजन 15 से 28 फरवरी तक

**नरसिंहपुर यभाप्र।** राज्य शासन के निर्देशानुसार मुख्यमंत्री बाल आरोग्य संर्वधन कार्यक्रम के अंतर्गत कलेक्टर रोहित सिंह के मार्गदर्शन में सघन पोषण पखवाड़ा कार्यक्रम का आयोजन 15 से 28 फरवरी तक पूरे जिले में किया जायेगा। आयोजन का उद्देश्य सभी वर्गों व क्षेत्रों में बच्चों के पोषण के प्रति परिवार व समुदाय को जागरूक करना व स्वस्थ रहने के लिये परिवार व बच्चों में स्पर्धा को बढ़ावा देना है। साथ ही कुपोषित बच्चों के साथ- साथ स्वस्थ बच्चों के पोषण स्तर पर ध्यान केंद्रित करनाए बच्चों के स्वास्थ्य पोषण व कल्याण से संबंधित मुद्दों पर समुदाय का ध्यान केंद्रित कर भावनात्मक जुड़ाव व संवेदनशीलता बढ़ाना है। यह जानकारी प्रभारी जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास ने दी है। उन्होंने बताया कि सघन पखवाड़ा का शुभारंभ 15 फरवरी को समारोहपूर्वक किया जायेगा। प्रथम सप्ताह में 15 से 22 फरवरी तक प्रातः 9 से शाम 5 बजे के बीच आंगनवाड़ी पर ही बच्चों का शारीरिक माप किया जायेगा।

# फ्लेक्स चोर पकड़ाये



एजेंसी। दिनांक 16 फरवरी को सुबह 11-00 से 12-00 के बीच 2 फ्लेक्स चोर भीम नगर ग्वारीघाट स्थित यूनीपोल से फ्लेक्स चुराते हुए रंगे हाथों पकड़े गये संबंधित विज्ञापन एजेंसी के कर्मियों ने मौके पर डायल 100 को बुलाकर इन चोरों को पुलिस के सुपुर्द किया जहां इन्हें ग्वारीघाट थाने ले जाया गया। ज्ञातव्य है कि शहर के होर्डिंगो से फ्लेक्स चोरी लगभग रोज ही हो रही थी परंतु यह पहली बार है जब फ्लेक्सचर पहली बार पकड़े गये है।



# मैहर, में आरसीसीपीएल प्राइवेट लिमिटेड के वॉल पुट्टी प्लांट का उद्घाटन

**मैहर।**एमपी बिरला समूह की फ्लैगशिप कंपनी, बिरला कॉर्पोरेशन लिमिटेड की पूर्ण स्वामित्व वाली आरसीसीपीएल प्राइवेट लिमिटेड के पहले व्हाइट सीमेंट आधारित वॉल पुट्टी प्लांट का उद्घाटन आज मैहर, मध्य प्रदेश में किया गया। बिरला कॉर्पोरेशन लिमिटेड भारत के शीर्ष सीमेंट निर्माताओं में से एक है, जिसकी वार्षिक उत्पादन क्षमता लगभग 20 मिलियन टन है। 2020-21 में कंपनी का टर्नओवर 6,785.45 करोड रुपये और शुद्ध लाभ 630.14 करोड रुपये था। बिरला कॉर्पोरेशन लिमिटेड पिछले तीन वर्षों से 'परफेक्ट प्लस वॉल पुट्टी' के ब्रांड नाम के तहत वॉल पुट्टी बिजनेस में है, जो कि प्रीमियम गुणवत्ता वाला वाटर रेपेलेंट वॉल पुट्टी है। उत्पाद की बडी सफलता के साथ, कंपनी ने मैहर में अपनी विनिर्माण इकाई स्थापित करने का निर्णय लिया। 1.50 लाख टन उत्पादन क्षमता का प्लांट 9 जून 2021 को शिलान्यास समारोह से लेकर नौ महीने के भीतर पूरा हो गया है। मैहर में रणनीतिक रूप से स्थित प्लांट एमपी, यूपी, महाराष्ट्र, बिहार, पश्चिम बंगाल के कुछ हिस्सों और राजस्थान को उत्पाद की आपूर्ति करेगा।

# देर रात तक बज रहे मैरिज गार्डनों में डीजे बोर्ड परीक्षा छात्रो का भविष्य अंधकारमय

**गाडरवारा (यश भारत)।** आज से बोर्ड परीक्षाओं की शुरुआत हो चुकी है पडेगा इंडिया बढेगा इंडिया इस शोर सरावे में कैसे पडे इंडिया ये बडा प्रश्नचिन्ह लगता नजर आता है वर्तमान में शादी समारोह और अन्य कार्यक्रमों के चलते देर रात तक मैरिज गार्डन में अत्यधिक तेज ध्वनि में डीजे चल रहे हैं



जिससे बोर्ड परीक्षा देने वाले छात्र-छात्राएं अपनी पढ़ाई सही ढंग से नहीं कर पा रहे हैं गौरतलब है कि बीते दिनों एसडीएम गाडरवारा को छात्रों ने एक ज्ञापन के माध्यम से भी अवगत कराया हुआ था परंतु आज दिनांक तक किसी भी मैरिज गार्डन या किसी भी डीजे पर किसी प्रकार की प्रतिबंधात्मक कार्यवाही नहीं हुई है जबकि गाडरवारा थाने से महज कुछ कदम की दूरी पर अनेक मैरिज गार्डन बने हुए हैं छात्र इस देश का भविष्य है और कहीं ना कहीं उनकी पढ़ाई इस शोर र से प्रभावित हो रही है और इसका प्रभाव उनके रिजल्ट पर पड़ता भी दिखाई देता है अशोक जिम्मेदार प्रशासनिक अधिकारियों को ध्यान देते हुए जल्द से जल्द भवन व डीजे संचालकों को अल्टीमेटम देकर इस शोर पर रोक लगाई जानी चाहिए।



# श्री राम महा यज्ञ के समापन पर हुआ हवन भंडारा

बेलखाडू / कटंगी मार्ग स्थित बेलखाडू रामबाग रामलला मंदिर मैं बसंत पंचमी के पावन पर्व पर कलश यात्रा के साथ प्रारंभ हुए 5 फरवरी से 16 फरवरी तक होने वाले 39 वां श्रीराम महायज्ञ व श्री राम कथा के समापन पर कल बुधवार को हवन पूर्णाहुति के बाद विशाल भंडारे का आयोजन किया गया जिसमें सभी श्रद्धालु भक्तजनों ने भगवान का पूजन अर्चन कर हवन किया एवं भंडारे में प्रसाद पाया।

# बप्पी लहरी के इन गानों से डिस्को में मच जाती थी धूम, आज भी हैं लोगों के फेवरेट




म्यूजिक इंडस्ट्री में अपनी छाप छोड़ने वाले बप्पी लहरी का साथ आज छूट गया है। मुंबई में 69 की उम्र में बप्पी दा ने अंतिम सांस ली है। उनके निधन से बॉलीवुड इंडस्ट्री सदमे में है। वहीं फैन्स भी बप्पी दा को अलग-अलग अंदाज में याद कर रहे हैं। इंडस्ट्री में बप्पी दा ने ऐसी कई धुनें बनाईं कि लोग उन पर थिरकने से खुद को रोक नहीं पाएं। संगीत की दुनिया में बप्पी लहरी ने 5 दशक पहले एंट्री मारी थी और देखते ही देखते लोग उन्हें डिस्को किंग के नाम से बुलाने लगे थे। बप्पी दा का साथ तो छूट गया है लेकिन उनके गाने हमारे साथ हमेशा रहने वाले हैं। इन गानों के जरिए बप्पी लहरी की मौजूदगी का एहसास हमें हमेशा होता रहेगा। देखें बप्पी दा के वो गाने जो हमेशा से ही लोगों का दिल जीतते आए हैं।

### चलते चलते

### फिल्म- चलते चलते

इस गाने को सिमी ग्रेवालल और विशाल पर फिल्माया गया था। किशोर कुमार की आवाज और बप्पी दा की धुन ने इस गाने को यादगार बना दिया। फिल्म चलते चलते का यह गाना अपने आप में ही खास है।

### तम्मा तम्मा लोगे

### फिल्म- थानेदार

संजय दत्त और माधुरी दीक्षित की फिल्म के इस गाने को खुद बप्पी दा ने अपनी आवाज दी थी। उनके साथ इस गाने पर अनुराधा पौडवाल की जुगलबंदी तो देखते ही बनी थी।

### कोई यहां अहा नाचे नाचे

### फिल्म- डिस्को डांसर

ऊषा उत्थुप ने बप्पी लहरी के इस गाने में तो जैसे जान ही फूंक दी थी। फिल्म डिस्को डांसर का ये गाना आज भी लोगों की जुबान पर चढ़ा रहता है।

### हमको आज कल है इंतजार

### फिल्म- सैलाब

फिल्म सैलाब के इस गाने में माधुरी दीक्षित नजर आई थी। इस गाने को बप्पी लहरी और अनुपमा देशपांडे ने गाया था। साल 1990 में आए इस गाने तो जैसे धूम ही मचा दी थी।

### रात बाकी

### फिल्म- नमक हलाल

अमिताभ बच्चन, शशि कपूर और परवीन बाबी की फिल्म नमक हलाल का यह गाना तो कान में शहद की तरह घुल जाता है। आशा भोसले के साथ-साथ बप्पी लहरी और शशि कपूर ने इस गाने को अपनी आवाज दी थी।

### याद आ रहा है तेरा प्यार

### फिल्म- डिस्को डांसर

प्यार में बिछड़े प्रेमियों के लिए तो यह गाना तो जैसे मलहम का काम करता है। फिल्म डिस्को डांसर के इस गाने में बप्पी लहरी की आवाज ने हर किसी को अपना दीवाना बना लिया था।

### यार बिना चैन कहां रे

### फिल्म- साहेब

अमृता सिंह पर फिल्माया गया बप्पी लहरी का यह गाना को जेहन से निकाल पाना मुश्किल ही है। आपको बप्पी लहरी का कौन सा गाना सबसे ज्यादा पसंद है? कॉमेंटबॉक्स में अपनी राय दीजिएगा।

# करिश्मा तन्ना ने जिम लुक में ढाया कहर

## फ्लॉन्ट करती नजर आई पतली कमर



**टीवी एक्ट्रेस करिश्मा तन्ना सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव रहती हैं और अक्सर अपने बोल्ड एंड ग्लैमरस अंदाज से सुर्खियों में बनी रहती हैं। एक बार फिर करिश्मा तन्ना ने अपने जिम लुक से सबके होश उड़ा दिए हैं।**

तो आइए आपको दिखाते हैं उनकी ये तस्वीरेंइन फोटोज़ में करिश्मा तन्ना व्हाइट कलर की जिम ब्रा और शॉर्ट्स में बेहद हॉट पोज़ देती दिखाई दे रहीं हैं, जिन पर फैन्स का जबरदस्त रिस्पॉन्स देखने को मिल रहा है। इस दौरान करिश्मा तन्ना ने खुले बालों, मिनिमल मेकअप और व्हाइट स्नीकर्स में कैमरे के लिए पोज़ दिए। फोटोज़ में करिश्मा तन्ना एक जिम के अंदर ये फोटोशूट करवाती नजर आ रहीं हैं।सोशल मीडिया पर करिश्मा तन्ना के लाखों फैन्स हैं, जो उनकी तस्वीरों पर दिल खोलकर लाइक और कमेंट्स करते नजर आ रहे हैं।

आपको बता दें कि करिश्मा तन्ना टीवी के साथ-साथ कई दोस्ती, ग्रैंड मस्ती, संजू और सूरज पे मंगल भारी जैसी बॉलीवुड फिल्मों में काम किया है।

# खुल गया रणवीर सिंह की फिटनेस का राज

## एनर्जी के लिए नाश्ते में खाते हैं शिलाजीत



जब भी बॉलीवुड के सबसे एनर्जेटिक एक्टर की बात होती है तो सबसे पहले रणवीर सिंह का नाम लिया जाता है। न सिर्फ फिल्मों में बल्कि निजी जीवन में भी वह काफी उत्साह से भरे हुए नजर आते हैं। हर कोई उनकी तरह बनने की ख्वाहिश रखता है। लेकिन क्या आप जानते हैं कि उनकी इस फिटनेस और फुर्ती का राज क्या है। चलिए हम आपको बताते हैं...रणवीर सिंह ने%आस्क मी एनीथिंग% सेशन के दौरान अपने फिटनेस का राज फैंस के साथ शेयर किया। रणवीर से जब पूछा गया कि उन्होंने नाश्ते में क्या खाया तो उन्होंने कहा, मैं दिन की शुरुआत 130 ग्राम ओट्स, 15 ग्राम नट्स और 5 ग्राम चॉकलेट चिप्स के साथ करता हूं।

### शिलाजीत का रोजाना सेवन करते हैं रणवीर

इसके बाद रणवीर ने बताया कि वे सुबह-सुबह एक डिटॉक्स ड्रिंक के साथ-साथ इम्युनिटी-बूस्टिंग शॉट्स का आनंद लेते हैं। इन सबके बाद, वह प्रोबायोटिक ड्रिंक और शिलाजीत अश्वगंधा और खजूर के लड्डू का सेवन करते हैं।

### क्या हैं शिलाजीत खाने के फायदे

शिलाजीत टेस्टोस्टेरोन (एक तरह का हॉर्मोन) बढ़ाने का काम करता है। शिलाजीत अपने आयुर्वेदिक उपचारों के लिए जाना जाता है और शरीर में सकारात्मक बदलाव लाने में कारगर माना जाता है। शिलाजीत और अश्वगंधा दोनों चिंता और तनाव के स्तर को कम करने में मदद करते हैं। रणवीर जल्द ही सर्कस, रॉकी और रानी की प्रेम कहानी में दिखाई देंगे। आखिरी बार उन्हें 83 फिल्म में देखा गया था। इसमें उन्होंने कपिल देव की भूमिका निभाई है।

# श्वेता साल्वे ने गोवा में करवाया बोल्ड फोटोशूट



टीवी की बोल्ड एक्ट्रेस श्वेता साल्वे अक्सर बोल्ड फोटोशूट से लोगों का ध्यान अपनी ओर खींच लेती हैं। एक्ट्रेस की नई तस्वीरें इस वक्त सोशल मीडिया पर धमाल मचा रही हैं। इन तस्वीरों में श्वेता साल्वे का बिंदासपन देखते ही बन रहा है। श्वेता साल्वे की ये तस्वीरें गोवा में ली गई हैं। बता दें कि अपने पति के साथ श्वेता सालों पहले गोवा ही शिफट हो गई थी। वहीं पर श्वेता और उनके पति बिजनेस करते हैं। सामने आई तस्वीरों में श्वेता साल्वे बेहद ही बोल्ड नजर आ रही हैं। कैमरे की ओर देखते हुए श्वेता साल्वे ने कई बेहतरीन पोज दे डाले हैं।श्वेता साल्वे ब्राउन रंग के स्विमसूट में नजर आ रही हैं और इस बोल्ड लुक में उनके खुले श्वेता साल्वे की ये बोल्ड तस्वीरें इस वक्त सोशल मीडिया पर धमाल मचा रही हैं। इन तस्वीरों पर फैन्स लगातार कॉमेंट्स कर रहे हैं। श्वेता साल्वे का ये बिंदासपन लोगों को काफी पसंद आ रहा है। एक यूजर ने कॉमेंट किया है, %आपकी बोल्डनेस का जवाब नहीं है...।% तो वहीं एक दूसरे यूजर ने कॉमेंट किया है,

# गॉर्जियस सोफी चौधरी ने प्रिंटेड स्कर्ट और ब्रालेट में दिए किलर पोज



बॉलीवुड डांसर, सिंगर और एक्ट्रेस सोफी चौधरी सोशल मीडिया पर एक बार फिर एक्टिव हो गई हैं और अपने लुक से एक बार फिर धमाल मचाती नजर आ रहीं हैं। अपनी इन लेटेस्ट फोटोज़ में सोफी चौधरी बेहद हॉट एंड ग्लैमरस पोज़ देती नजर आ रहीं हैं।इन फोटोज़ में सोफी चौधरी हल्के मेंहदी कलर की प्रिंटेड स्कर्ट और ब्रालेट जिसमें आगे रिबन लुक है में बेहद गॉर्जियस लग रहीं हैं। इस दौरान सोफी ने अपने बालों को खुला छोड़ा है और मिनिमल मेकअप में कैमरे के सामने एक से बढ़कर एक पोज़ दिए।फोटोज़ में सोफी चौधरी किसी पार्क में नजर आ रहीं हैं, जिनमें उनके बैकग्राउंड में काफी हरियाली दिखाई दे रही है। सोशल मीडिया पर सोफी चौधरी के 2 मिलियन से ज्यादा फॉलोअर्स हैं, जो उनकी तस्वीरों पर दिल खोलकर लाइक और कमेंट्स करते नजर आ रहे हैं। सोफी चौधरी को उनकी लुक्स, स्टाइल, ड्रेसिंग सेंस और बोल्डनेस के लिए जाना जाता है।आपको बता दें कि सोफी चौधरी शादी नंबर 1, प्यार के साइड इफेक्ट्स, हे बेबी, आई सी यू, स्पीड और वन्स अपॉन ए टाइम इन मुंबई जैसी फिल्मों में एक्टिंग करती नजर आ चुकी हैं।

# सामने आया बच्चन पांडे से अक्षय कुमार का लुक

अक्षय कुमार ने अपनी अपकमिंग फिल्म बच्चन पांडे का नया पोस्टर शेयर किया है। फिल्म मार्च में सिनेमाघरों में रिलीज के लिए तैयार है। अक्षय ने यह भी खुलासा किया कि फिल्म का ट्रेलर 18 फरवरी यानी शुक्रवार को जारी किया जाएगा। फिल्म के शीर्षक %बच्चन पांडे% की स्पेलिंग भी से बदल किया गया है।नए पोस्टर में अक्षय एक डरावने गैंगस्टर के रूप में नजर आ रहे हैं। तस्वीर पर टैगलाइन में लिखा है कि %आप मुझे गुंडा नहीं कह सकते, मैं गॉडफादर हूं। बच्चन पांडे आपको डराने, हसाने, रूलाने के लिए तैयार है। कृपया उन्हें अपना सारा प्यार दें। 18 फरवरी, 2022 को जारी होगा ट्रेलर।

प्रोडक्शन हाउस, नाडियाडवाला ग्रैंडसन एंटरटेनमेंट के आधिकारिक ट्विटर हैंडल ने भी पोस्टर साझा करते हुए लिखा, वह दुष्ट है, वह बदमाश है, उसके साथ डर का सामना करने के लिए तैयार हो जाईए।

बता दें कि फिल्म %बच्चन पांडे% एक गैंगस्टर, बच्चन पांडे की कहानी है। इस फिल्म में अक्षय कुमार ने गैंगस्टर की भूमिका अदा की है, जो एक अभिनेता बनना चाहता है। वहीं कृति सैनन एक पत्रकार की भूमिका निभा रही हैं, जो एक फिल्म का निर्देशन करना चाहती हैं। फिल्म में अरशद वारसी, पंकज त्रिपाठी और प्रतीक बब्बर भी महत्वपूर्ण भूमिकाओं में हैं। फिल्म निश्चय कुट्टांडा द्वारा लिखित और फरहाद सामजी द्वारा निर्देशित है। पहले, यह क्रिसमस, 2020 पर रिलीज़ होने वाली थी, लेकिन कोरोनावायरस महामारी के कारण इसे स्थगित कर दिया गया था।




टिप्स

# मेकअप में ना करें ऐसी मिस्टेक्स



यह सही है कि अच्छी तरह मेकअप करने से खूबसूरती निखरती है। लेकिन कुछ महिलाएं मेकअप करते समय जाने-अंजाने में ऐसी मिस्टेक्स कर देती हैं, जिससे लुक बिगड़ जाता है। आपके साथ ऐसा ना हो, इसके लिए ऐसी मिस्टेक्स के बारे में पता होना चाहिए।

**ड्राई स्किन पर मेकअप:** ड्राई स्किन पर मेकअप करना सही नहीं है। दरअसल, ड्राई स्किन पर मेकअप करने से स्किन डल, रफ और टायर्ड नजर आती है। मेकअप के लिए पहले फाउंडेशन का यूज किया जाता है और फाउंडेशन तभी स्किन पर अच्छी तरह स्प्रेड होता है, जब आपकी स्किन अच्छी तरह मॉयश्चराइज्ड हो।

**ओवर फाउंडेशन लगाना:** कुछ महिलाएं फेयर स्किन के लिए बहुत सारा फाउंडेशन अप्लाई करती हैं, जबकि ऐसा करने से स्किन व्हाइट हो जाती है। आर्टिफिशियल व्हाइटनेस से मेकअप अच्छा नहीं लगता, इसलिए इससे बचें।

**मेकअप ब्लेंड ना करना:** आप चाहे फाउंडेशन अप्लाई करें या प्राइमर, इन्हें अच्छी तरह ब्लेंड करना बहुत जरूरी है। अगर मेकअप अच्छी तरह से ब्लेंड ना हो, तो आपका लुक कभी भी नेचुरल नजर नहीं आ सकता। इन्हें अच्छी तरह ब्लेंड करने के लिए अच्छे ब्रश का ही यूज करें।

**हाईलाइटर यूज ना करना:** मेकअप लुक उभारने के लिए हाईलाइटर का यूज किया जाना जरूरी है। ज्यादातर महिलाएं हाईलाइटर नहीं लगतीं। अगर हाईलाइटर लगाती भी हैं तो गलत तरीके से अप्लाई करती हैं। इससे भी लुक बिगड़ता है।

न्यू बॉर्न बेबीज से लेकर 3 माह तक के छोटे शिशु अक्सर पेट दर्द से परेशान होकर रोते हैं। ऐसा अक्सर कॉलिक प्रॉब्लम की वजह से होता है। इस समस्या को पहचानकर इसका इलाज किया जाना जरूरी है ताकि बच्चे को जल्द से जल्द आराम आ सके। जानिए, इस समस्या के कारण और उपचार के बारे में।

# न्यू बॉर्न बेबी को जब हो कॉलिक प्रॉब्लम

मेडिकल सजेशन

डॉ. सुनील गुप्ता
शिशु रोग विशेषज्ञ, कोलकाता

कॉलिक प्रॉब्लम यानी पेट में हवा या गैस की वजह से होने वाला दर्द। छोटे बच्चों में यह समस्या अकसर देखी जाती है। कॉलिक होने पर पीड़ित बच्चा परेशान होकर रोने लगता है। शिशु को इस तरह की प्रॉब्लम ना हो, इस बात का ख्याल रखा जाना बहुत जरूरी है। इसके लिए कॉलिक के कारणों को जानकर उसको इस प्रॉब्लम से बचाया जा सकता है।

### समस्या के कारण

कॉलिक की वजह अकसर लेक्टोज इनटोलरेंस को माना जाता है। रोते वक्त या दूध पीते वक्त अकसर बच्चे के मुंह के जरिए खूब सारी हवा उसके पेट में पहुंच जाती है। इससे उसे परेशानी होती है। आमतौर पर यह समस्या दोपहर या शाम को ज्यादा परेशान करती है।

### कैसे पहचानें

यह समस्या नवजात शिशुओं में शुरुआती 3 महीने में ज्यादा देखी जाती है। बच्चा जब अपने घुटने मोड़कर छाती तक ले आए और रोते-रोते उसका चेहरा लाल हो जाए, तो आप अनुमान लगा सकती हैं कि ऐसा कॉलिक के कारण हो सकता है। ऐसी स्थिति में उसके पेट में ब्लॉटिंग भी नजर आ सकती है।





### घरेलू उपचार

शिशु को कॉलिक की पीड़ा से राहत दिलाने के लिए ये उपाय अपनाए जा सकते हैं-

**सही पोजिशन में दूध पिलाएं:** दूध पिलाते वक्त शिशु को अपराइट पोजिशन में यानी मुंह ऊपर की तरफ जरा उठाकर रखें। उसे सुलाकर दूध ना पिलाएं। अगर बच्चा कॉलिक से परेशान है तो उसे जरा हिलाएं-डुलाएं और अपने पास रखें। सुविधा हो तो उसे प्रैम या गोद में लेकर जरा इधर-उधर घुमाएं। मूवमेंट्स से उसे राहत मिलती है।

**कंधे-पीठ पर हल्की थपकियां दें :** बहुत ज्यादा रोने के तुरंत बाद बच्चे को दूध नहीं पिलाना चाहिए। दूध पिलाते वक्त और दूध पिलाने के बाद शिशु को कंधे और पीठ पर हल्की थपकियां देकर डकार दिलानी चाहिए। इससे उसे कॉलिक होने की आशंका कम होगी।

**मेडिसिन या शुगर सॉल्यूशन दें :** बाल रोग विशेषज्ञ से सलाह लेकर कॉलिक से बचाने के लिए शिशु को कॉलिक ड्रॉप दे सकती हैं। कई महिलाएं आयुर्वेदिक मेडिसिन (ग्राइप वाटर) का भी प्रयोग करती हैं। इसके अलावा कुछ रिसर्च बताते हैं कि शुगर सॉल्यूशन की अल्प मात्रा भी बेबी को आराम दे सकती है। एक कप गुनगुने पानी में 3 छोटे चम्मच चीनी मिला दें। इसे ठंडा होने दें। इसे दिन में एक या दो बार दूध पिलाने से पहले बच्चे को पिलाएं। लेकिन इस संबंध में चिकित्सक से सलाह जरूर लें। साथ ही यह ध्यान रखें कि अगर शिशु के दांत आ गए हैं, तो शुगर सॉल्यूशन के प्रयोग से बचें। चीनी उसके दांतों के इनेमल को नुकसान पहुंचा सकती है।

**बेबी का ध्यान भटकाएं:** वैसे तो यह समस्या आमतौर पर कुछ ही समय में अपने आप ठीक हो जाती है। अगर बच्चा कॉलिक की वजह से रोए, तो शिशु को शांत करने के लिए उसका ध्यान दूसरी चीजों में बंटा सकती हैं। उसे किसी बच्चे के साथ खेलने, चमकीली लाइट, खिलौना में व्यस्त करने की कोशिश करें। इसके अलावा आप चाहें तो उसे शांत करने के लिए पैसीफायर (प्लास्टिक या रबर से बनी चूसने वाली वस्तु) दे सकती हैं। बाजार में इसकी तमाम वैराइटीज मौजूद हैं, जिनमें से आप अपने शिशु के लिए अच्छी गुणवत्ता और फ्लेवर वाला पैसीफायर चुन सकती हैं। शिशु को शांत वातावरण में रखने से भी उसे राहत मिलती है।

**सही बॉटल यूज करें:** बेबी को बोतल से दूध पिलाते समय छोटी बोतल का ही प्रयोग करें। इससे शिशु के पेट में बोतल की हवा नहीं पहुंचेगी। यह भी ध्यान रखें कि निप्पल से दूध का फ्लो धीमा आए। तेज फ्लो से दूध पीने पर शिशु के पेट में हवा पहुंच सकती है।

# तिलहरी मर्डर लूटकांड

# एकता मार्केट के बाद कहां गए लुटेरे?

## पुलिस की टीमें दिन रात आरोपियों की तलाश में जुटी

**जबलपुर, यशभारत। गोराबाजार थाना क्षेत्र के तिलहरी स्थित बैंक ऑफ महाराष्ट्र के एटीएम में लूट और मर्डर की वारदात को अंजाम देने वाले लुटेरों की पुलिस सरगर्मी से तलाश कर रही है। जांच के दौरान पुलिस को बैंक के बाद एकता मार्केट तक कुछ फुटेज मिलीं हैं। लेकिन उसके बाद आरोपी कहां गए, किसी को पता नहीं है। साथ ही आरोपियों की बाइक कहां की है, यह सवाल खड़ा है।**



एएसपी गोपाल खांडेल ने बताया कि गठित टीमें लगातार दिन-रात आरोपियों को तलाश करने में जुटी हैं। लूटकांड और हत्या के बाद पुलिस जांच में एकता मार्केट तक आरोपियों की फुटेज मिलीं है। लेकिन उसके बाद आरोपी सड़क के किस रुट में गए है। यह पता लगाया जा रहा है।

### बाइक किस की है?

पुलिस इनवेस्टिगेशन में यह बात सामने आई है कि आरोपी बाइक सवार थे। लेकिन वह बाइक चोरी की है या फिर वह लेकर आए थे। यह पता लगाया जा रहा है। साथ ही जिले के सभी कुख्यात और पूर्व में पकड़े गए बदमाशों का रिकॉर्ड भी खंगाल जा रहा है और यह जांच की जा रही है कि जिस समय यह वारदात हुई वह उस वक्त कहां थे और क्या कर रहे थे। साथ ही पूरे शहर की सीसीटीव्ही फुटेज भी खंगाली जा रही हैं, ताकि आरोपियों का कुछ पता चल सके। फिलहाल पुलिस के पूरा महकमा इसी जांच में लगा हुआ है और यह कयास लगाए जा रहे है कि जल्द ही पुलिस आरोपियों को दबोच लेगी।

# अग्रसेन मंडपम से लाखों के जेवरात चोरी

**शादी समारोह के दौरान हुई घटना, सीसीटीव्ही खंगाल रही पुलिस**

## सोने, चांदी के गहनों से भरा हुआ ट्रॉली बैग शातिर चोरों ने किया पार

**जबलपुर, यशभारत।** विजय नगर के अग्रेसन मंडपम में बुधवार की दरमियानी रात एक शादी समारोह के दौरान लाखों के जेवरात चोरी हो गए। शातिर चोर जेवरातों से भरा हुआ ट्रॉली बैग उठाकर मौके से फरार हो गए। पुलिस मामले में सीसीटीव्ही फुटेज खंगाल रही है। पुलिस ने मामले की जानकारी देते हुए बताया कि प्रदीप बरमैया निवासी शहपुरा डिन्डौरी ने पुलिस को बताया कि वह अपनी बड़ी मम्मी की बेटी की शादी समारोह में शामिल होने आई थी। उसने अपने जेवरात, जिसमें दो तोले का हार, डेढ़ तोले के झालर, एक तोले का मंगल सूत्र ट्रॉली बैग में रखा था और बैग रुम में रखा था। जब शादी समारोह के दौरान उसने रुम में जाकर देखा तो बैग नहीं मिला। आसपास सभी रिश्तेदारों से पूछा, लेकिन किसी ने कुछ नहीं बताया। पुलिस मामले की जाचं कर रही है।



# वारदात को अंजाम देने के पूर्व चाकू समेत धराया

**जबलपुर, यशभारत।** आधारताल के पन्नी मोहल्ला में बुधवार की देर रात पुलिस ने एक आरोपी को चाकू के साथ दबोच लिया। आरोपी किसी वारदात को अंजाम देने जा रहा था, लेकिन सूचना के बाद पहुंची पुलिस ने आरोपी को रंगे हाथों दबोच लिया। पकड़े गए युवक से पूछताछ जारी है। पुलिस ने मामले की जानकारी देते हुए बताया कि अजय दुबे पिता शंकर दुबे 26 साल, शाही नाका तिलवारा का निवासी है। जो दरमियानी रात चाकू के साथ पन्नी मोहल्ला में पकड़ा गया है। युवक पुरानी बुराई को लेकर वारदात को अंजाम देने जा रहा था। जिसे घेराबंदी कर पकड़ा गया।

## स्कूल की प्रेमिका को लेकर भिड़े छात्र गुट

# एक की ऊंगली चबाई, बेल्टों से पीटकर किया अधमरा

**जबलपुर यशभारत।** कैंट के एक निजी स्कूल में बुधवार को प्रेम प्रसंग के एक मामले में दो छात्र गुट आपस में भिड़ गए। विवाद इतना बढ़ा कि एक छात्र ने दूसरे छात्र की दांतों से ऊंगली चबाली। जबकि छात्र के एक अन्य गुट ने बेसवाल के डंडों से मारपीट की। इसके बाद स्कूल की प्रेमिका के लिए अपना-अपना दावा कर रहे एक छात्र ने दूसरे छात्रों को बेल्ट से बुरी तरह से पीट दिया। पूरा मामला केंट थाने पहुंचा। जहां प्रकरण की जांच पुलिस कर रही है। इस मामले के बाद क्षेत्र में तरह-तरह की चर्चाएं व्याप्त हैं। पुलिस ने मामले की जानकारी देते हुए बताया कि आदर्श बाल्मीकी पिता राजकुमार बाल्मीकी 17 साल ने पुलिस से शिकायत करते हुए बताया कि वह 11 वीं का छात्र है और गोराबाजार के धोबी घाट में रहता है। कल राहुल कुछवाहा, रचित चौधरी, ऋषभ धार्मिक और सौरभ ठाकुर ने हमला करते हुए उसे वा उसके साथी अमन कुमार को गंभीर रुप से जख्मी कर दिया। पीड़ित ने बताया कि स्कूल में एक मामले को लेकर झगड़ा हुआ था, जिसके बाद आरोपियों ने छावनी क्षेत्र के पास ग्राउंड में मारपीट करते हुए उसकी ऊंगली चबा ली और बेल्टों से हमला कर चोट पहुंचाते हुए जान से मारने की धमकी देते हुए मौके से फरार हो गए। दोनों छात्र गुट प्रेम प्रसंग को लेकर आपस में ही भिड़ गए थे। पुलिस ने मामला दर्ज कर, जांच में लिया है।



**कुंडलपुर सड़क हादसा**

# जबलपुर लाए जा रहे शव शोक में डूबे परिजन

## जीप को ओव्हरटेक करते समय हुआ हादसा, दो की मौत, एक घायल

**जबलपुर यश भारत।** पटेरा थाना अंतर्गत कुंडलपुर में चल रहे महामहोत्सव में शामिल होने जबलपुर से रवाना हुए तीन बाइक सवार भीषण सड़क हादसे का शिकार हो गए थे। जीप को ओवरटेक करते समय तीनों जीप के नीचे आ गए जिसमें दो व्यक्तियों ने मौके पर ही दम तोड़ दिया जबकि 1 को अस्पताल में भर्ती कराया गया है जहां उसकी हालत नाजुक बताई जा रही है। मामले में पटेरा पुलिस ने मामले में मर्ग कायम कर, दोनों के शव परिजनों को सौंप दिए है। कुछ ही घंटों में शव जबलपुर पहुंच जाएंगे। इस भीषण सड़क हादसे के बाद परिजन शोक में डूब गए है।

जानकारी अनुसार पटेरा थाना प्रभारी एसबी मिश्रा ने मामले की जानकारी देते हुए बताया कि जबलपुर के विपिन पिता चंद्रकुमार जैन निवासी गढ़ा फाटक जबलपुर अपने साथी राजेंद्र जैन निवासी गढ़ा फाटक जबलपुर के साथ कुंडलपुर महामहोत्सव में बाइक से शामिल होने आए थे। बाइक में दमोह निवासी शुभम गुप्ता भी सवार था जो वर्तमान में जबलपुर में निवासरत है।

### देव डोंगरा में हादसा

थाना प्रभारी मिश्रा ने मामले की जानकारी देते हुए बताया कि पटेरा थाना अंतर्गत देव डोंगरा में जीप को ओवरटेक करते समय बाइक और जीप की जोरदार टक्कर हो गई जिसमें बाइक सवार तीनों युवक जीप के टायरों के नीचे आ गए। हादसे में विपिन जैन और राजेंद्र जैन ने मौके पर ही दम तोड़ दिया था, जबकि शुभम गुप्ता की हालत नाजुक बताई जा रही है। पुलिस ने मर्ग कायम कर, मौके से जबलपुर में निवासरत मृतकों के परिजनों को सूचित किया। जिसके बाद आज दोनों के शव परिजनों को सौंप दिए गए।

## योगेश रैकवार का निधन



**जबलपुर।** निवाडगंज गल्ला व्यापारी पप्पू रैकबार के बेटे योगेश रैकवार उम्र 30 वर्ष का विगत दिवस निधन हो गया, अंत्येष्टि ग्वारीघाट शमशान घाट में सम्पन्न हुई, अंत्येष्टि में क्षेत्रीय व्यापारी गणमान्य नागरिक उपस्थित थे, निवाड़गंज व्यापारी संघ ने श्रद्धांजलि अर्पित की।

# भारत गौरव नागरिक सम्मान से लेखक एवं प्रेरक अनुराग सोनी सम्मानित



**जबलपुर ( यश भारत )।** संपूर्ण विश्व में वैदिक सनातक संस्कृति तथा ज्योतिष का प्रचार प्रसार होना चाहिए। उक्त विचार वक्ताओं ने रविवार को रानी दुर्गावती कला वीथिका में आयोजित इंटरस्टेट एस्ट्रो कॉन्फ्रेन्स-2022 के दौरान व्यक्त किये। कार्यक्रम में ज्योतिषियों तथा आध्यात्मिक विधा से जुड़े विद्वतजनों का सम्मान किया गया।

राष्ट्रीय ज्योतिष एवं रूद्राक्ष अनुसंधान संस्थान से संबद्ध संस्था महर्षि पराशर विश्व विद्यापीठ द्वारा आयोजित कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्यातिथि भाजपा प्रदेश कोषाध्यक्ष अखिलेश जैन एवं अन्तर्राष्ट्रीय प्रेरक अनुराग सोनी, डॉक्टर जितेन्द्र जामदार एवं विधायक इंदू तिवारी द्वारा दीप प्रज्वलन किया गया। आयोजन में भारत गौरव नागरिक सम्मान से अनुराग सोनी को नवाजा गया। संचालन एवं आयोजन डॉ. संगीता शर्मा, श्याम कुमार ताम्रकार, पंडित कृपाराम उपाध्याय, इंजी. सागर शर्मा, शुभम शर्मा आदि उपस्थित रहे।




स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक आशीष शुक्ला द्वारा एन.एम. पब्लिकेशन प्रा.लि. उखरी चौक जबलपुर से मुद्रित एवं 160/जी, जेडीए योजना क्रमांक 11 सेकेण्ड फेस, शताब्दीपुरम, विवेकानंद वार्ड, जबलपुर से प्रकाशित। सम्पादक श्याम कटारे*। फोन ( 0761 ) 2643333, 2646666, फैक्स : 4084085।
डाक पंजीयन क्रं. एसएसपी/ जबलपुर/26/19-21 *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी.एक्ट के तहत जिम्मेदार। RNI No. MPHIN/2007/18675. email - jabalpur@yashbharat.com ( न्यायालयीन क्षेत्राधिकार जबलपुर )